दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 262 | जयपुर | शनिवार ,26 जुलाई, 2025 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष चर्तुदर्शी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर में 100 फीट गहरे कुएं में गिरा युवक



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में 100 फीट गहरे कुएं में शुक्रवार सुबह एक युवक गिर गया। कुएं में लटक रहे वायर को पकड़ उसने अपनी जान बचाई। कानोता थाना पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन किया। रस्सी से बांधकर कुएं में उतारी चारपाई से उसको सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए उसे एम्बुलेंस से स्रू हॉस्पिटल भिजवायाएएसआई विजेन्द्र यादव ने बताया- कानोता के जयंती नगर निवासी कन्हैया लाल (32) कुएं में गिरा था। वह परिवार के साथ यहां रहकर मजदूरी करता है। शुक्रवार सुबह करीब 9ः30 बजे वह शराब के नशे में घर लौट रहा था। घर लौटते समय पड़ोसी के प्लाट में कुएं को भरवाने का काम चल रहा था। शराब के नशे में होने के कारण पैर फिसलने से वह कुएं में जा गिरा।100 फीट गहरे कुएं में करीब 5 फीट पानी भरा हुआ था। वहां मौजूद लोगों ने पानी में कुछ गिरने की तेज आवाज सुनकर कुएं में देखा। कुएं में कन्हैया लाल गिरा हुआ दिखाई दिया। कुएं में युवक के गिरने का पता चलने पर लोगों की भीड़ जुट गई।कुएं भरवाने के दौरान उसमें लगी बिजली मोटर को बाहर निकाल लिया था। कुएं में मोटर का वायर लटका हुआ था। वायर को पकड़कर कन्हैया लाल ने पानी में डूबने से अपनी जान बचाई। कानोता थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम को मौके पर बुलाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब आधे घंटे की मशक्कत कर रस्सी के बांधकर कुएं में उतारी चारपाई पर बैठाकर कन्हैया लाल को कुएं से बाहर निकाला गया। पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए उसे एम्बुलेंस से स्रू हॉस्पिटल भिजवाया।

### मालदीव में मोदी जिंदाबाद के नारे लगे

बढ़ता राजस्थान

**माले ( एजेंसी )।** पीएम मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर मालदीव पहुंचे। यहां उनका गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। खुद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू उन्हें लेने एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। इस दौरान राजधानी माले में लोगों ने मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए।इसके बाद मोदी और मुइज्जू ने द्विपक्षीय मीटिंग की। इस दौरान भारत ने मालदीव को 4,850 करोड़ रुपए की लाइन ऑफ क्रेडिट (कर्ज) दिया की और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बात की।दोनों देशों के डिप्लोमैटिक संबंधों के 60 साल पूरे पर स्मारक डाक टिकट जारी किया गया। इसके साथ मालदीव में 6 कम्युनिटी डेवलपमेंट परियोजनाओं को शुरू किया गया।भारतीय पीएम की यह तीसरी मालदीव यात्रा है।

### राजस्थान में 305 नगरीय निकायों के वार्डों का होगा पुनर्गठन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.सय )।** राजस्थान में नगरीय निकायों के पुनर्गठन और पुनर्सीमांकन को लेकर राज्य सरकार की मंत्रिमंडलीय उप समिति ने सभी 305 नगरीय निकायों के वार्डों के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है। यह फैसला स्वायत्त शासन विभाग के सभागार में आयोजित मंत्रिमंडल उप समिति की समीक्षा बैठक के दौरान लिया गया। बैठक की अध्यक्षता नगरीय विकास विभाग के राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने की। इसमें जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, वन राज्य मंत्री संजय शर्मा और सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक भी मौजूद रहे।इस दौरान जयपुर, भरतपुर और जोधपुर संभाग के नगरीय निकायों के पुनर्गठन और पुनर्सीमांकन से जुड़े प्रस्तावों पर गहन परीक्षण और विचार-विमर्श किया गया। वहीं, अब से सभी निकायों के वार्डों के पुनर्गठन के प्रस्ताव अब स्वायत्त शासन विभाग की ओर से मंत्रिमंडलीय उप समिति को भेजे जाएंगे। इन प्रस्तावों पर समिति की औपचारिक स्वीकृति के बाद संबंधित अधिसूचना जारी की जाएगी।बैठक में पता चला कि साल 2019 में पूर्ववर्ती सरकार के समय राज्य की कुल 196 नगरीय निकायों में वार्ड सीमांकन और पुनर्गठन किया गया था।

# झालावाड़ में स्कूल बिल्डिंग गिरी,7 बच्चों की मौत

## 9 की हालत गंभीर; 5 टीचर सस्पेंड; शिक्षा मंत्री बोले- जिम्मेदार तो मैं ही हूं

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** राजस्थान के झालावाड़ में सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से 7 बच्चों की मौत हो गई है, वहीं 28 घायलों में से 9 की हालत गंभीर हैं। मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की क्लास में शुक्रवार सुबह बच्चे बैठे थे, तभी कमरे की छत ढह गई और 35 बच्चे दब गए थे। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाकर बच्चों को निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। मनोहरथाना हॉस्पिटल के अनुसार 5 बच्चों की मौत मौके पर ही हो गई थी, वहीं 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है। उधर, मामले में शिक्षा विभाग ने स्कूल की हेड मास्टर समेत 5 टीचर को सस्पेंड कर दिया है। वहीं घटना की जिम्मेदारी के सवाल पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- जिम्मेदार तो मैं ही हूं।



**प्रार्थना के लिए सभी बच्चों को इकट्ठा किया था**

गांववालों ने बताया- वहां सुबह से बारिश हो रही थी। प्रार्थना का समय हुआ तो सभी क्लास के बच्चों को स्कूल के ग्राउंड में इकट्ठा करने की बजाय कमरे में बैठा दिया, ताकि वे भीगे नहीं। इसके कुछ देर बाद छत गिर गई और 35 बच्चे दब गए।गांववालों ने बताया कि इस स्कूल में कुल 7 क्लासरूम है। हादसे के दौरान स्कूल के क्लासरूम में 35 बच्चे थे। स्कूल में 2 टीचर भी मौजूद थे, लेकिन छत गिरने के वक्त बिल्डिंग से बाहर थे, वे सुरक्षित हैं।हादसे में 7 बच्चों पायल (12) पुत्री लक्ष्मण, प्रियंका (12) पुत्री मांगीलाल, सतीश पुत्र हरकचंद, हरीश (8) पुत्र बाबूलाल, कान्हा पुत्र छोटूलाल, कुंदन (12) पुत्र बिरम, मीना (13) पुत्री छोटूलाल की मौत हुई है।

**3 बड़ी लापरवाहियां, जिसने ले ली 7 बच्चों की जान**

1. बच्चों ने कहा-कंकड़ गिर रहे हैं, टीचर्स ने ध्यान नहीं दिया- स्कूल में पढ़ने वाली बच्ची वर्षा राज क्रांति ने बताया- छत गिरने से पहले कंकड़ गिर रहे थे, बच्चों ने बाहर खड़े टीचर्स को इसकी जानकारी दी, लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान ही नहीं दिया और थोड़ी देर बाद ही छत गिर गई।

2. 3 दिन पहले 10 दिन की छुट्टी कैंसिल कर दी गई - स्कूल के कुक व हेल्पर श्रीलाल भील ने बताया- करीब 3 दिन पहले स्कूल की 10 दिन के लिए छुट्टी करने की बात सामने आई थी, लेकिन एक दिन की छुट्टी के बाद स्कूल फिर खोल दिया गया।

3. जर्जर भवन की सूची में नहीं स्कूल का नाम - कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ के मुताबिक स्कूल शिक्षा विभाग को पहले ही निर्देश दिए गए थे कि जो भी जर्जर भवन हो वहां स्कूलों की छुट्टी कर दी जाए, लेकिन खुद कलेक्टर कह रहे हैं कि न तो यह स्कूल जर्जर भवन की सूची में था और न ही यहां बच्चों की छुट्टी की गई।

### शिक्षा मंत्री दिलावर बोले- ये दुखद घटना, मैं जिम्मेदार हूं

शिक्षा मंत्री ने कहा- ये दुखद घटना है। मुझे सुबह सूचना मिली तो मैं सीधे यहां आया और बच्चों से मिला हूं। इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। जो भी दोषी होगा, उसे दंडित किया जाएगा।

### नरेश मीणा बोले- वसुंधरा राजे और दुष्यंत को झालावाड़-बारां में घुसने नहीं देंगे

हादसे की जानकारी मिलने पर नरेश मीणा भी अपनी यात्रा को छोड़कर झालावाड़ के एसआरजी हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने कहा- सिस्टम खराब और भ्रष्ट हो गया है। इसकी वजह से छोटे-छोटे बच्चों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

मृतक बच्चों के परिजनों को 1 करोड़ और घायल बच्चों के परिजनों को 50-50 लाख का मुआवजा दिया जाए। दोषी को सख्त से सख्त सजा दी जाए और 302 का मामला दर्ज किया जाए। जिन अधिकारियों को पता था कि बिल्डिंग जर्जर है उनके खिलाफ न्यायिक जांच बैठाई जाए।

नरेश मीणा ने कहा- मैं खुद परेशान हूं। अपनी यात्रा को स्थगित करके यहां पहुंचा हूं। मुझे घटनास्थल पर जाने से रोका गया। मामला स्कूलों का नहीं है। पूरा सिस्टम ही भ्रष्ट हो गया। सरकारी दफ्तरों में लुटेरे, चोर और डकैत बैठे हैं। सबसे बड़ी लूट, चोरियां और डकैती सरकारी दफ्तरों में हो रही है। इन पर जो एसीबी लगाई है, वह भी भ्रष्ट हो गई है। जैसे- बिल्ली को दूध की रखवाली के लिए लगा दिया हो।

मीणा बोले- जब तक परिजनों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक यहां रहूंगा। यदि परिजन मुझे जाने का बोले देंगे और कहेंगे कि राजनीति मत करो तो मैं यहां से चला जाऊंगा। यदि परिजन मेरे साथ है तो 1 करोड़ रुपए दिलाकर रहूंगा। नहीं तो हम वसुंधरा राजे और दुष्यंत को झालावाड़-बारां में घुसने नहीं देंगे।

# भारत-ब्रिटेन में अब तक की सबसे बड़ी डील

## कारोबार जगत को होगा तगड़ा फायदा, जानिए समझौते की अहम बातें

बढ़ता राजस्थान

**लंदन( एजेंसी )।** भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई को एक व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए जिसे भारत का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी व्यापार समझौता माना जा रहा है।

भारत और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर ब्रिटेन में कोई शुल्क नहीं लगेगा। वहीं ब्रिटिश कारों एवं व्हिस्की जैसे उत्पादों पर शुल्क कम होंगे। अगले साल से लागू होने वाले इस समझौते का लक्ष्य वर्ष 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करना है जो फिलहाल 56 अरब डॉलर है। भारत ने चॉकलेट, बिस्कुट एवं सौंदर्य प्रसाधनों सहित विभिन्न उपभोक्ता वस्तुओं के लिए अपना बाजार खोल दिया है। इसके साथ ही उसे कपड़ा, जूते, रत्न एवं आभूषण, खेल के सामान और



खिलौनों जैसे निर्यात उत्पादों तक भी आसान पहुंच मिलेगी।

अधिकारियों ने कहा कि इस समझौते के तहत 99 प्रतिशत उत्पाद श्रेणियों के पूरी तरह शुल्क-मुक्त होने से भारत को फायदा होगा। यह छूट लगभग 100 प्रतिशत व्यापार मूल्य को समाहित करती है। इसके अलावा, ब्रिटेन में काम कर रहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस जैसी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों को भारत से आने वाले कर्मचारियों के लिए तीन साल तक सामाजिक सुरक्षा अंशदान भी नहीं करना होगा। इस समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) का नाम दिया गया है। इसे तीन साल तक चली बातचीत के बाद अंतिम रूप दिया गया है।

# ब्रिटेन की ट्रांसलेटर बीच में अटकी, फिर मोदी ने जीत लिया दिल, कीर स्टार्मर ने फट से लगा लिया गले

बढ़ता राजस्थान

**लंदन ( एजेंसी )।** ट्रेड डील के फायदों के बार में बताते हुए ब्रिटिश पीएम ने कहा कि ये ग्राहकों के लिए अच्छा होगा क्योंकि इससे यूके में भारतीय सामान सस्ता होगा। जैसे कपड़े, जूते, खाना इसे लंबे समय तक एफटीए से फायदा मिलेगा। हर साल यूके की अर्थव्यवस्था को चार दशमलव आठ बिलियन पाउंड का फायदा होगा।

भारत के प्रधानमंत्री अपना ब्रिटेन का दौरा समाप्त करने के बाद इस वक्त मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की मेजबानी का आनंद उठा रहे हैं। लेकिन पीएम मोदी की ब्रिटेन यात्रा का एक वाक्या सोशल मीडिया से लेकर ब्रिटिश मीडिया तक की सुर्खियों में है। भारत और ब्रिटेन के बीच 3 सालों की 14 दौर की लंबी बातचीत के बाद फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बीते दिनों हस्ताक्षर हो गए। जिसके बाद दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने अपनी बात रखने और इस डील के बारे में मीडिया को बताने के लिए ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस भी रखी। लेकिन जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर बोल रहे थे तो इस दौरान एक ऐसा पल जब प्रधानमंत्री मोदी ने न सिर्फ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संभाला बल्कि एक अंग्रेज देश का दिल भी जीत लिया। दरअसल, भारत



और ब्रिटेन के बीच बहुप्रतिक्षित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर आखिरकार साइन हो गया। लंदन में दोनों देशों के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कीर स्टार्मर की मौजूदगी में ये ऐतिहासिक समझौता हुआ। इस समझौते से व्यापार निवेश और रणनीतिक साझेदारी के नए रास्ते खुलेंगे। लेकिन इसी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कुछ ऐसा हुआ जो इंटरनेट पर वायरल हो गया।

# राहुल बोले- मोदी की सिर्फ शो-बाजी, उनमें दम नहीं

## मैं दो-तीन बार मिला हूं, उन्हें लोगों ने सिर पर चढ़ा रखा है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस की ओबीसी सेल ने भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सम्मेलन में नरेंद्र मोदी की जमकर आलोचना की।

राहुल ने भाषण के दौरान पार्टी के सदस्यों से पूछा, %ॅआपको पता है, राजनीति में सबसे बड़ी प्रॉब्लम क्या है। कार्यकर्ताओं ने जवाब दिया मोदी। इस पर राहुल ने कहा, नरेंद्र मोदी कोई बड़ी प्रॉब्लम नहीं हैं। मैं उनसे दो-तीन बार मिल चुका हूं। उनकी सिर्फ शो-बाजी हैं। उनमें दम नहीं है। उन्हें लोगों ने सिर पर चढ़ा रखा है।

राहुल ने कांग्रेस शासित राज्यों में जाति जनगणना कराने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, मेरे काम में एक कमी रह गई। मुझे ओबीसी वर्ग की जिस तरह से रक्षा करनी थी, मैंने नहीं की। 10-15 साल पहले मुझे ओबीसी के मुद्दे गहराई से नहीं समझ आए थे। अगर मुझे पता होता तो मैं उसी वक्त जातिगत जनगणना करवा देता।

कांग्रेस सांसद ने कहा, हम पहले जाति जनगणना नहीं करा सके। यह कांग्रेस की



नहीं, मेरी गलती थी। मैं अब इसे सुधार रहा हूं। आप मेरी बहन प्रियंका से पूछिएगा कि अगर राहुल ने किसी काम के लिए मन बना लिया तो उस बात को वो छोड़ेगा या नहीं? मैं नहीं छोड़ने वाला।

**राहुल के भाषण की 3 बड़ी बातें...**

मोदी कहते हैं हिंदू इंडिया, जबकि 50प्रतिशत हिंदू तो ओबीसी हैं। अगर हिंदू इंडिया है तो मीडिया और कार्पोरेट कंपनी में ओबीसी क्यों नहीं हैं? बड़े-बड़े एंकरों की लिस्ट में ओबीसी वर्ग के लोग क्यों नहीं हैं? ये लोग एससी-एसटी-ओबीसी वर्ग की जमीनें छीनकर अडाणी को दे रहे हैं, इनके सिस्टम में कोई अओबीसी नहीं है।

भाजबा के नेता कहते हैं कि हम हिंदुस्तान से अंग्रेजी को मिटा देंगे। आप उनसे पूछिए- आपके बच्चे कहां पढ़ते हैं? आपके बच्चे विदेश में पढ़ते हैं, क्या वे वहां हिंदी मीडियम में पढ़ते हैं? हिंदी, तमिल, बंगाली, कन्नड़, सभी रीजनल भाषाएं जरूरी हैं, लेकिन इनके साथ में अंग्रेजी भी जरूरी है।

मेरा सवाल है कि अगर आप खून-पसीने और मेहनत से देश को बनाते हैं, तो देश आपको क्या देता है? जवाब है- (एसीआर) के जरिए ओबीसी आदिवासियों, दलितों के अधिकारों की हत्या कर दी जाती है।

**खड़गे बोले- मोदी झूठों के सरदार हैं**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सम्मेलन में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झूठों के सरदार हैं। झूठ बोलना उनका काम है। वे संसद में भी झूठ बोलते हैं। मोदी सिर्फ तकरीर (भाषण) करते रहते हैं। खुद कहते हैं कि मैं नॉन-बायोलॉजिकल हूं, मुझे भगवान ने भेजा है।

खड़गे ने कहा, मोदी ने देश से झूठ बोला कि वे हर साल युवाओं को 2 करोड़ नौकरी देंगे। विदेश से कालाधन लाएंगे। सबको 15-15 लाख देंगे। उन्होंने किसानों को एमएपी देने और पिछड़े समुदायों की आमदनी बढ़ाने का झूठ बोला।

मोदी खुद को ओबीसी बोलते हैं, जबकि वो पहले अपर कास्ट में थे। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने अपनी कम्युनिटी को ओबीसी लिस्ट में डाल दिया।







**सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. )** 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि□बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट द्वारा एंटरप्रेन्यूअर ऑफ़ द ईयर का सर्वश्रेष्ठ उद्यमी पुरस्कार मिला उदयपुर के राहुल वीरवाल को

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** हाल ही में संपन्न हुए एकलिंगजी स्थित आई.टी.सी होटल में अंतरराष्ट्रीय होटल प्रबंधन संस्थान की ओर से उदयपुर के उद्यमी राहुल वीरवाल को सर्वश्रेष्ठ उद्यमी पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय अतिथि दिवस 2025 के उपलक्ष में भारत के मुख्यालय वाले एक प्रमुख आथित्य शिक्षा ब्रांड अंतरराष्ट्रीय होटल प्रबंधन संस्थान अंतरराष्ट्रीय आथित्य, परिषद लंदन के सहयोग से प्रदान किया गया। राहुल ने 7 वर्ष पूर्व पिज़्ज़ा बस्ट के नाम से उदयपुर में एक शानदार रेस्टोरेंट लगाया। इन 7 वर्ष की अवधि में ही इन्होंने भारत में अपने आलीशान 40 रेस्टोरेंट खड़े कर दिए। रोटरी क्लब उदय के एडमिनिस्ट्रेशन डायरेक्टर अशोक वीरवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले इन दो वर्षों में शीघ्र ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेस्टोरेंट खोलने का प्रावधान है राहुल के अनुसार इस रेस्टोरेंट चैन में उनके भाई मनीष, गीतेश व उनके मामा अशोक वीरवाल का मार्गदर्शन प्रमुख रूप में हमेशा रहा है।



# रोटरी क्लब उदयपुर का शपथग्रहण समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उदयपुर का वर्ष 2.25–26 का शपथग्रहण समारोह शनिवार सांय 7 बजे रोटरी बजाज भवन में आयोजित किया जायेगा। पूर्व प्रान्तपाल निर्मल सिंघवी ने बताया कि समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष दीपक मेहता ,सचिव विनीत दमानी सहित नवगठित कार्यकारिणी शपथ लेगी। समारोह के मुख्य अतिथि जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी होंगे। शपथ निर्मल सिंघवी दिलायेंगे।

# पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के जन्मदिन पर सेवा कार्यों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव और पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के जन्मदिन पर शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न सेवा कार्यो का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक संगठन महामंत्री अजय सैनी के नेतृत्व में कस्बे के गोपीनाथ मंदिर स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में उपस्थित गौवंशों को हरा चारा, गुड़ और दलिया खिलाकर सेवा कार्य किये गये। इंद्राज गुर्जर के 42वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में 51 पौधे लगाये गये। पौधारोपण का यह कार्यक्रम राजकीय विद्यालय, गौशाला और सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित किया गया। इसके अलावा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा और आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को फलों का वितरण किया गया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष शिम्भू दयाल हाडिया, ज्ञानचंद टेलर, रिजवान कुरेशी, सीताराम सिंघल, विक्रम यादव, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हाडिया, गणेश सैनी, सुनिल गुप्ता, मनोज सोनी, श्रीराम चौधरी, अमित चौहान, दौलत सैनी, लोकेश यादव, सोनू बंसल, जितेन्द्र यादव, महावीर चावला, इरफान कुरेशी, शहिद लुहार, धर्मपाल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। अजय सैनी ने कहा कि इंद्राज गुर्जर के जन्मदिन पर सेवा कार्य करना उनके प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त करने का एक तरीका है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सेवा कार्यो में जोड़ा और इंद्राज गुर्जर के जन्मदिन पर उनकी दीर्घायु की कामना की।



# दुकान पर मिला लावारिस बैगः श्रवण कुमार ने लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

## बैग में रखा था लाखों रूपये का कैश व सोने चांदी के जेवरात

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** आज के आधुनिक युग में जहां लोग चंद रूपयों के लिए एक दूसरे का कत्ल तक कर देते हैं, वहीं बूचारा ग्राम के एक एससी समुदाय के युवक ने बेशकीमती सोने-चांदी के जेवरात और लाखों रुपये लौटाकर अपनी ईमानदारी का परिचय दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि हरियाली अमावस्या को पावटा क्षेत्र के बुचारा स्थित टपकेश्वर धाम के दर्शन करने श्रद्धालुओं का एक दल झुंझुनू के चिड़ावा से एसी कोच बस बुकिंग कर यहां भोलेनाथ के दर्शनों के लिए पहुंचा। जब ये दल वापस लौट रहा था, तो उन्होंने बुचारा ग्राम के मुख्य द्वार स्थित भोमिया जनरल एंड किराना स्टोर पर बस रोककर बच्चों के लिए चिप्स और कुरकुरे खरीदे। जब वे चले गए, तो दुकान मालिक श्रवण कुमार ने एक लावारिस बैग देखा। श्रवण कुमार ने जब बैग खोला, तो उसमें सोने-चांदी के जेवरात और 500 रुपये के नोट की कई गड्डियां मिलीं। उन्होंने बैग में रखी नोटों की गड्डियों से लाखों रूपये की नगदी का अनुमान लगाया लेकिन उन्होंने अपने दिल को डगमगाने नहीं दिया और फैसला किया कि वे इस बैग को उसके मालिक को वापस करेंगे। श्रवण कुमार ने करीब पांच किलोमीटर दूर जाने चली जाने के बावजूद ग्रामीणों की मदद से बस को रूकवाया और अपने साथी ज्ञानचंद बाकोलिया की मौजूदगी में बस में सवार श्रद्धालुओं के सामने बैग सही-सलामत लौटा दिया। बस में सवार श्रद्धालुओं ने श्रवण कुमार का आभार व्यक्त करते हुए उनकी ईमानदारी की प्रशंसा की। श्रवण कुमार की इस ईमानदारी की मिसाल ने पूरे क्षेत्र में उनकी प्रशंसा की है। लोगों ने उनकी ईमानदारी और निष्ठा की सराहना की है। यह घटना साबित करती है कि आज भी हमारे समाज में ईमानदारी और नैतिकता के मूल्य जीवित हैं।



# गैर मान्यता प्राप्त नशामुक्ति केंद्रों के खिलाफ हो प्रभावी कार्रवाई

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश, अंतर विभागीय सहयोग एवं समन्वय से नशे पर नकेल कसने के लिए किया निर्देशित, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की समिति की बैठक, प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री रोकने एवं जागरूकता अभियान चलाने के भी दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को गैर मान्यता प्राप्त नशा मुक्ति केंद्रों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलते हुए प्रभावी कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को जिले में युवाओं को नशे की लत से दूर करने और दूर रखने के लिए कार्ययोजना का धरातल पर क्रियान्वयन के निर्देश दिये।



जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित है। उन्होंने ने अधिकारियों को सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करने वालों के साथ-साथ विद्यालयों एवं कॉलेजों के पास स्थित दुकानों पर तम्बाकू उत्पाद बेचने वालों, दवा दुकानों की जांच करने एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, तय सीमा से अधिक दवा बिक्री, बिना लाइसेंस के दवा बिक्री सहित समस्त प्रकार की अनियमितताओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला कलक्टर ने औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को जयपुर जिले की शत प्रतिशत मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए दुकानदारों को प्रेरित करने के निर्देश दिये। औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वाले दवा विक्रेताओं के खिलाफ लाइसेंस निलंबन एवं निरस्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे की जद में आने से बचाने के लिए सघन जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया।

उन्होंने नशा मुक्त जयपुर अभियान को जन-जन का अभियान बनाने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कर अधिक से अधिक युवाओं को अभियान के तहत ई-शपथ लेने के लिए प्रेरित करने भी निर्देश दिये।

जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राशि डोगरा डूडी ने बताया कि कोटपा अधिनियम, 2003 सिगरेट और तंबाकू से जुड़े उत्पादों पर नियंत्रण रखने के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत, सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान करना, तंबाकू बेचना, और तंबाकू से जुड़े विज्ञापन करना मना है कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना और जेल हो सकती है। उन्होंने बताया कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू एवं इससे बने नशीले पदार्थ बेचना निषेध है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नशे के प्रवृति से दूर रखने के लिए विशेष जागरूकता अभियान ऑपरेशन नोक आउट भी चलाया जा रहा है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) श्री संतोष कुमार मीणा सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, औषधि नियंत्रक विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, वन विभाग सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# इुजर्जर भवनों एवं संरचनाओं को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने दिये सख्त निर्देश

## अधिकारियों को जर्जर भवनों एवं संरचनाओं को ध्वस्त करने की प्रक्रिया अमल में लाने के दिए निर्देश, आमजन से की सतर्क रहने एवं असुरक्षित भवनों को खाली करने की अपील

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले में स्थित जर्जर एवं खतरनाक भवनों तथा संरचनाओं को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में ऐसे भवन आमजन की जान-माल के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं, अतः इन्हें प्राथमिकता से चिन्हित कर नियमानुसार ध्वस्त किया जाए।जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि नगरपालिका, नगर परिषद, नगर निगम तथा ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर आमजन के आवास, विद्यालय, अस्पताल, सरकारी कार्यालय भवन सहित ऐसे सभी भवनों की सूची तैयार की जाए, जो उपयोग में होने के बावजूद बेहद जर्जर हालत में हैं। ऐसे मामलों में भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर नियत समय में भवन खाली कराने की कार्रवाई की जाए।

जिला कलक्टर ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि वे स्वयं अथवा किरायेदार के रूप में किसी पुराने, जर्जर या असुरक्षित भवन में रह रहे हैं, तो शीघ्र उस भवन को खाली कर लें। जन सुरक्षा सर्वोपरि है और इस दिशा में जिला प्रशासन सजग और संकल्पित है।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और संभावित जोखिम वाले भवनों के संबंध में नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# कटकड़ की गंभीर नदी में बहे राजमुद्दीन का शव 40 घंटे बाद तैरता हुआ मिला

बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)। कटकड़ की गंभीर नदी में बहे पिता-पुत्र की मौत से परिवार सदमे में है। क्षेत्र में गमगीन माहौल बना हुआ है। हादसे के करीब 40 घंटे बाद चौबे पाड़ा के तेली का नला निवासी राजुद्दीन का शव मिला।सदर थाना पुलिस ने रेस्क्यू टीम की मदद से शव को बाहर निकलवाया। मृतक राजमुद्दीन के बेटे सोहेल (20) का शव गुरुवार को सुबह 6 बजे मिला था। पुलिस ने सोहेल के शव का गुरुवार को ही पोस्टमॉर्टम करा दिया था।चौबे पाड़ा निवासी राजुद्दीन और उसका इकलौता पुत्र सोहेल बुधवार को शाम 3.20 बजे भैंस खरीदने घर से बाइक से निकले थे। करीब 4 बजे वे कटकड़ की गंभीर नदी की पुलिया पार कर रहे थे। इस दौरान पांचना बांध के दो गेट गंभीर नदी में खोले जाने से पानी का बहाव काफी तेज था। इसके कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों पिता-पुत्र नदी में बह गए।घटना के बाद सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा और एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू के दूसरे दिन सोहेल का शव मिला। शुक्रवार को मृतक के चचेरे भाई अब्दुल रहमान ने सुबह करीब 6 बजे राजुद्दीन का शव नदी में तैरते हुए देखा।परिजनों के अनुसार, मृतक राजुद्दीन का सोहेल इकलौता पुत्र था और उसकी दो बहनें हैं। सोहेल पिता के साथ भैंस के खरीद-बिक्री के काम के अलावा आईटीआई की तैयारी भी कर रहा था।



# बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में शॉर्ट सर्किट से अचानक लगी आग, नगर परिषद की दमकल ने आग को लिया काबू में



बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)। करौली रोड पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। जिससे मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर नगर परिषद की दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और दो घंटे बाद आग पर काबू पाया। घटना शुक्रवार सुबह 8 बजे की है।करौली रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई।बैंक के शाखा क्रेडिट मैनेजर चंद्रशेखर अग्रवाल ने बताया कि सुबह 7ः45 बजे सफाई कर्मी शाखा में सफाई कार्य के लिए पहुंचे थे। सुबह 8 बजे जैसे ही बिजली आई, शॉर्ट सर्किट से चिंगारी निकली और आग लग गई। स्टोर रूम से धुआं उठता देख कर्मचारियों ने उन्हें सूचना दी। क्रेडिट मैनेजर ने तुरंत नगर परिषद और कोतवाली थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही राहत कार्य शुरू हुआ। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग बुझाने का कार्य दो घंटे से अधिक समय तक चला।घटनास्थल पर एसडीएम हेमराज गुर्जर, डीएसपी गिरधर सिंह और कोतवाली थाना प्रभारी महावीर प्रसाद सदर थाना थानाधिकारी देवेंद्र शर्मा नई मंडी थानाधिकारी सोहन सिंह गुर्जर सहित पुलिस जाब्ता मौजूद रहा। अभी तक बैंक शाखा में हुए नुकसान के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# उदयपुर जिला अग्रवाल महिला महासभा की कार्यकारिणी की घोषणा

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में उदयपुर जिला अग्रवाल महिला महासभा की नयी कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा उदयपुर जिला अग्रवाल महिला महासभा के जिला अध्यक्ष पर श्रीमती पुष्पलता तायल, महामंत्री रेखा अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रकांता अग्रवाल एवं अनीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लीलावती मित्तल सहित 21 महिलाओ की घोषणा की गई। इस अवसर पर



उदयपुर जिला अग्रवाल महासभा के संरक्षक सतनारायण अग्रवाल एवं प्रवासी अग्रवाल समाज की पूर्व अध्यक्ष खेमचंद अग्रवाल का भी मार्गदर्शन मिला।महासभा के जिला अध्यक्ष सतीश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री नरेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, एवं बनवारी लाल अग्रवाल , कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी मीटिंग में उपस्थित रहे।प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में समाज की एकजुटता,मिलजुल कर समाज हित में कार्य करनं एवं सभी एक दूसरे का सहयोग करनें पर बल दिया। महिला कार्यकारिणी का ऊपरना ओढ़ा कर स्वागत अभिनंदन किया गया। महिला समिति की अध्यक्षा पुष्पलता तायल द्वारा समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया एवं सभी से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री नरेश अग्रवाल द्वारा किया गया। अंत में धन्यवाद महिला समिति की महामंत्री रेखा अग्रवाल द्वारा दिया गया।

# 'ऐश्वर्या कॉलेज में बाल गंगाधर तिलक जयंती पर विविध कार्यक्रम'

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। ऐश्वर्या कॉलेज, उदयपुर में महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और राष्ट्रवादी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत लोकमान्य तिलक के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई।

विद्यार्थियों ने लेख लेखन, निबंध और नैतिक कहानियों के माध्यम से तिलक जी के विचारों, उनके संघर्ष और उनके द्वारा दिए गए प्रसिद्ध नारे 卐स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे



लेकर रहूंगा को स्मरण किया। छात्रों द्वारा लिखे गए लेखों में तिलक जी के जीवन से जुड़ी प्रेरक घटनाओं का उल्लेख किया गया। कई विद्यार्थियों ने उनकी राष्ट्रभक्ति, शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक चेतना को उजागर करते हुए प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं। कुछ छात्रों ने पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. गायत्री तिवारी ने छात्रों को तिलक जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने और देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बाल गंगाधर तिलक स्वतंत्रता सेनानी के साथ साथ एक महान विचारक और समाज के पथ-प्रदर्शक भी रहे। इस कार्यक्रम में हर्षित देवड़ा, रेणुका मेघवाल, मनोज कुमार सिंह , वैभव आमेटा व अन्य विद्यार्थी और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# बढ़ती आबादी पर चिंताः जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने की बैठक

बढ़ता राजस्थान

पावटा (सुशील कुमार बंसल)। प्रागपुरा में आयोजित एक बैठक के दौरान जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय सह संयोजक पवन शर्मा जवानपुरा ने कहा कि भारत में जनसंख्या असंतुलन के कारण गृह युद्ध जैसे हालात बन रहे हैं। देश में संसाधनों की कमी के कारण परिस्थितियां बहुत गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि देश की आबादी 145 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है, इसलिए प्रत्येक भारतीय नागरिक पर दो बच्चों का कानून लागू होना चाहिए। राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर बाबूलाल जाट ने कहा कि भारत की आबादी आजादी से अब तक चार गुना से ज्यादा बढ़ गई है। बढ़ती बेरोजगारी और बढ़ता अपराध भी इसी के दुष्परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि समय रहते भारत



में जनसंख्या नीति लागू नहीं हुई तो आने वाली पीढ़ियों के लिए हालात बहुत चिंताजनक होंगे। पवन शर्मा जवानपुरा ने कहा कि प्रत्येक भारतीय नागरिक को केंद्र सरकार से दो बच्चों का कानून लागू करने की मांग करनी चाहिए। पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल ने भी बढ़ती आबादी पर चिंता जताते हुए जनसंख्या नीति का समर्थन किया। गोयल ने बताया की देश में बढ़ती आबादी के कारण संसाधनों की कमी हो सकती है और परिस्थितियां बहुत गंभीर हो सकती हैं। ललित गोयल ने कहा समय रहते भारत में जनसंख्या नीति लागू नहीं हुई तो आने वाली पीढ़ियों के लिए हालात बहुत चिंताजनक होंगे। बैठक के दौरान प्रागपुरा वासियों द्वारा जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के पदाधिकारियों का माल्यार्पण, दुपट्टा ओढ़ाकर और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक का समापन पौधारोपण कर किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता शंकर पारीक, मनोज शर्मा, तनूज शर्मा, राजू पारिक, रजत चौधरी, प्रमोद शर्मा ने भी संबोधित किया। बैठक में गिरधारी लाल सैन, लालचंद यादव, नाथूराम पारिक, दीपू पारिक, रामस्वरूप चावला, अब्दुल फरीद खान, पूरण सैनी, जगदीश छीपी, महेश पंचोली, रोहिताश उर्फ लाला कुमावत, पूरण सैनी, रमेश वर्मा, विनोद शर्मा, लक्की वर्मा, रवि पारिक, मोतीलाल स्वामी, विशाल यादव, बलराम यादव, रामकरण जाट, बिशन सिंह तंवर, अंकीत यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने बढ़ती आबादी के मुद्दे पर चर्चा की और जनसंख्या नीति की आवश्यकता पर बल दिया।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को कवियों की काव्यांजलि

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** गुरुकुल एवं परमार्थ–आध्यात्मिक समिति, कटेवा नगर के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शनिवार, 26 जुलाई 2025 को देवी नगर, न्यू सांगानेर रोड स्थित होटल शिव पैलेस में आयोजित होगा।इस सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त कविगण शिरकत करेंगे और अपनी कविताओं के माध्यम से शहीदों को काव्यांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुरेंद्र यादव 'यादवेंद्र', कवि किशोर पारीक एवं आयोजक परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति के मुख्य संरक्षक श्री आर.के. अग्रवाल और अध्यक्ष श्री श्याम विजय ने बताया कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय कवि शशिकांत यादव, पवन प्रबल, लोमेश गौर, दीपिका माही, सुशीला शील, स्वयं सिद्धा, वरुण चतुर्वेदी, सुरेंद्र हमसफर सहित अनेक प्रतिष्ठित कविगण भाग लेंगे।




## साइबर अपराध अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद - तनुज दीक्षित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एनसीसी हेड क्वार्टर्स के ग्रूप कमांडर ब्रिगेडियर संजीव कुमार एवं डिप्टी ग्रुप कमांडर कर्नल गौरव दीक्षित के निर्देश पर एन.सी.सी की 9 एम.पी बटालियन के प्रशिक्षण शिविर में सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट तनुज दीक्षित ने साइबर सुरक्षा एवं उसके कानूनी पहलुओं जैसे साइबर पुलिसिंग, फॉरेंसिक, महिला एवं बाल अपराध, ऑनलाइन शोषण, साइबर आतंकवाद जैसे महत्पूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिया, इस अवसर पर 9 एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल मोहन तिवारी की तरफ से प्रशासनिक अधिकारी ले। कर्नल वरूण भारतीय ने उनका आभार मान उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया ।कार्यक्रम में ले. कमांडर डॉ.कौशलेन्द्र वर्मा, सुबेदा मेजर बृजेश कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। अधिवक्ता तनुज दीक्षित एनसीसी ग्रुप हेड क्वार्टर में बतौर आईसीसी सदस्य जुड़े हैं।

## दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन:सूक्ष्म, लघु एवं मद्यम उद्यमों के वित्त पोषण करने वाली बैंक शाखाओं के अधिकारियों ने लिया भाग

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 24 व 25 जुलाई कोकोटपूतली–बहरोड़ जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मद्यम उद्यमों (एमएसएमई) को वित्तपोषित करने वाली बैंक शाखाओं के अधिकारियों के लिये क्षमता निर्माण पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन भारतीय रिजर्व बैंक जयपुर के उपमहाप्रबंधक विकास अग्रवाल ने किया। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक जयपुर से प्रबंधक गौरव सोमनाथ धूत, पंजाब नेशनल बैंक से क्षेत्रीय प्रबन्धक श्वेतांक कुमार एवं जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य एमएसएमई से डील करने वाले बैंक अधिकारियों में एमएसएमई को वित्तपोषित करने से संबंधित विभिन्न दिशानिर्देशों को लेकर जागरूकता पैदा करना है। कार्यशाला में कोटपूतली–बहरोड़, खैरथल–तिजारा, सीकर, झुंझुनू, दौसा, करौली, धौलपुर, अलवर, भरतपुर, डिग एवं जयपुर जिले में स्थित विभिन्न बैंकों के एमएसएमई से डील करने वाले लगभग 65 बैंकर्स ने सहभागिता की।



**अधिशाषी अभियन्ता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड जोधपुर-II**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 07/2025-26 NIB No. : AGM2526A0111**

जिला बाड़मेर, सिरोही, डीग, दौसा, जयपुर, उदयपुर, सलुम्बर, राजसमन्द, डुगरपुर, प्रतापगढ़, में सामाजिक न्याय एवं अधिकारीता विभाग के अन्तर्गत विभिन्न छात्रावासो के निर्माण कार्यो की निम्न यू.बी.एन. द्वारा ऑनलाईन निविदा ई–प्रोक्योरमेन्ट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से बोर्ड एवं अन्य राजकीय विभागो में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb व www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता हैं। (UBN : AGM2526WSOB00436 to 445)

राज.संवाद/सी/25/6890 अ.अ.-II

# गुरू ही है जो हमारे जीवन का मार्ग प्रशस्त कर हमारा उत्थान करता है-कर्नल राठौड़

## कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने व्यास पूजा उत्सव-2025 में गुरु-शिष्य परंपरा और भारतीय मूल्यों पर दिया ज़ोर

बढ़ता राजस्थान




**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कोटपूतली में भारतीय शिक्षण मंडल जयपुर–प्रांत द्वारा आयोजित %व्यास पूजा उत्सव–2025% में गुरु–शिष्य परंपरा और भारतीय शिक्षा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु ही है जो हमारे जीवन का मार्ग प्रशस्त कर हमारा उत्थान करता है। राठौड़ ने जोर देकर कहा कि भारत को मजबूत करने के लिए अनुशासन, आत्म बल और ज्ञान की आवश्यकता है, जो गुरु–शिष्य परंपरा से ही आएगा।उन्होंने माँ को सबसे बड़ा गुरु बताते हुए गुरु–शिष्य के रिश्ते की आत्मिक कड़ी को भारतीय शिक्षा व्यवस्था की असली नींव बताया और पारंपरिक भारतीय शिक्षा मूल्यों की ओर लौटने का आह्वान किया।आर्थिक विकास और निवेश पर ज़ोरकर्नल राठौड़ ने राजस्थान के आर्थिक विकास के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि सरकार पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा, लॉजिस्टिक्स, कपड़ा, रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों में योजनाएं बना रही है ताकि राज्य के व्यापारियों को आगे बढ़ने का मंच मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिजनेस करना आसान और सस्ता किया है और राइजिंग राजस्थान के तहत राज्य में 35 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन हुए हैं, जिनमें से लगभग 3 से 3.50 लाख करोड़ रुपये के स्ब्ध जमीन पर उतर चुके हैं।राठौड़ ने सिंगल विंडो क्लीयरेंस को प्रभावी बनाने के लिए आईटी ढांचे के विकास और एक मोबाइल ऐप के निर्माण की जानकारी दी, जिससे निवेशक अपने निवेश को ट्रैक कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि रिप्स–2024 योजना के तहत लगभग हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई है, जिससे रोजगार सृजन और सुविधाओं का विस्तार होगा।स्थानीय उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय मंच मंत्री ने %वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पहल पर भी बात की, जिसके तहत बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। उनका कहना था कि स्थानीय उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय मंच दिलाना ही सरकार का उद्देश्य है।

राष्ट्र रक्षा और योगदान

कर्नल राठौड़ ने कारगिल युद्ध का जिक्र करते हुए राजस्थान के शहीदों के बलिदान को याद किया और कहा कि यदि हम सभी अपनी सोच को मजबूत करें और देश के लिए योगदान दें तो हम भी देश की रक्षा में हिस्सेदारी निभा सकते हैं।

कार्यक्रम में भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री, बी.आर. शंकरानंद ने गुरु–शिष्य संबंध को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया। उन्होंने शिक्षकों के सम्मान और गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. श्रीकांत, प्रोफेसर कल्पना कटेजा और प्रोफेसर जीपी सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र–

## फुलेरा पुलिस की कार्यवाही:चोरी के मामले में आरोपी हिस्ट्रीशीटर बालूराम उर्फ बाल्या उर्फ बोदूराम को किया गिरफ्तार

### अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई पानी की मोटर व पाईपों को किया बरामद, अभियुक्त भाँकरोटा थाना जिला जयपुर पश्चिम का है हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त के खिलाफ लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट के कुल 23 प्रकरण हैं दर्ज

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स ) ।** स्थानीय पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चोरी के मामले में हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करते हुए चोरी का माल बरामद किया है। जानकारी देते हुए जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी ने बताया कि परिवादी ललित कुमार पुत्र छीतर मल जाति जाट 42 साल निवासी उद्योग नगर जोबनेर थाना फुलेरा ने 23 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज करवायी की अज्ञात मुल्जिमान मेरे गार्डन में लगी पानी की मोटर व पाईपों को चोरी करके ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। प्रकरण में अज्ञात चोरी की वारदात का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने व माल बरामदगी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी फुलेरा चन्द्र प्रकाश पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन कर जानकारी प्राप्त की गई तो चोरी की वारदात बालूराम उर्फ बाल्या उर्फ बोदूराम पुत्र दानाराम जाति बावरिया निवासी कच्ची बस्ती बांसडी थाना भांकरोटा जिला जयपुर द्वारा वारदात करना पाया गया जो वर्तमान में चोरी के मामले में सब जेल सांभरलेक में था जिसको को प्रोडक्शन वारण्ट पर प्राप्त कर पूछताछ की तो आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी बालूराम उर्फ बाल्या उर्फ बोदूराम को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी किया गया सामान एक पानी की मोटर व पाईपों को बरामद किया गया है। आरोपी बालूराम उर्फ बाल्या भांकरोटा थाना जिला जयपुर (पश्चिम) का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट के करीबन 23 प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी ने अनुसंधान के दौरान थाना फुलेरा व जयपुर शहर के पुलिस थानों बगरू, शिवदासपुरा, कालवाड़, मानसरोवर, झोटवाड़ा, वैशालीनगर, मुरलीपुरा, प्रतापनगर, सांगानेर, भांकरोटा तथा पुलिस थाना परबतसर जिला नागौर ईलाको मे चोरी की वारदात को अंजाम देना बताया है।

## आमजन अधिकाधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बने : प्रियंका गोस्वामी

### हरियाली तीज पर 27 जुलाई को होगा हरियालों राजस्थान अभियान के तहत वन महोत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** हरियालों राजस्थान एवं मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर 27 जुलाई रविवार को जिले में विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम राज्यमंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य में कृषि महाविद्यालय पाथरेड़ी में प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। जिसमें 1500 पौधों का सघन वृक्षारोपण किया जायेगा। हरियाली तीज के अवसर पर जिले भर में करीब 03 लाख पौधे लगाये जाने का लक्ष्य हैं। अभियान को लेकर जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने तैयारियों की समीक्षा की। कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को लक्ष्यों के अनुरूप पौधरोपण करते हुये अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुये राज्य सरकार ने हरियालों राजस्थान महा अभियान शुरू किया है। इसी के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार एवं आमजन को पौधारोपण के प्रति जागरूक करने के लिये राज्य भर में वन महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने आमजन से कार्यक्रम में भागीदारी लेने की अपील करते हुये कहा कि हरियाली तीज के अवसर पर विशेषकर महिलाये यथासंभव परम्परागत लहरिया परिधान पहनकर वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागी बने। जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागों के लक्ष्य तय कर पौधरोपण के लिये गड्ढे खुदवाने, पानी की व्यवस्था करने सहित अन्य जरूरी तैयारियां समय पर करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वन विभाग की नर्सरियों में पर्याप्त पौधे उपलब्ध हैं, जरूरत के मुताबिक वहां से पौधे प्राप्त कर सकते हैं।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला टोंक ( राज. )**

क्रमांक:–12481–1250 दिनाक:–17.7.2025

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संचित निरीक्षक, पुलिस लाईन, टोंक के पत्रांक 2493 दिनांक 15.7.2025 के अनुसार रिजर्व पुलिस लाईन टोंक में सीपीसी केन्टीन में रखे हु अप्रचलित व अवधी समाप्त वर्दी स्टोर के सामान की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 05.8.2025 को प्रात: 11.बजे से सांय 5.00 बजे तक गठित कमेटी के माध्यम से पुलिस लाईन टोंक में की जावेगी, उक्त सामान की आरक्षित मूल्य 2,00,000/– (अक्षरे दो लाख रूपये मात्र) है।

अत: जो भी जीसस टी पंजीकृत नीलामी दाता बोली लगाने का इच्छुक ही निर्धारित तिथि व समय पर पुलिस लाईन, टोंक में उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं। उक्त सामान पुलिस लाईन, टोंक में देखे जा सकते हैं तथा बोली लगाने वाले व्यक्ति को धरोहर राशि 2 प्रतिशत के रुप में बोली लगाने स पूर्व नकद/डी.डी जमा करवाना होगा। बोली समाप्ति होने पर धरोहर राशि उसी समय वापिस कर दी जावेगी। नीलामी की अन्य शर्तें कार्यालय में देखी जा सकती है।

**नीलामी की शर्ते:**–

1–नीलामी करवाने वाली कमेटी को बिना कारण बताये बोली को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।
2–जिस व्यक्ति के नाम बोली छूेगी उसको उसी समय बोली की रकम का पूरा हिस्सा जमा करवाना होगा, तत्पश्चात सामान उठाने दिया जावेगा।
3–नीलामी से उचित मूल्य प्राप्त न होने पर नीलामी रोकने का सामान सुपुर्द न करने का अधिकार नीलामी कमेटी को होगा।
4–नीलामी के पूरे सदस्य उपस्थित होने पर नीलामी की कार्यवाही की जावेगी अन्यथा नीलामी स्थगित की जा सकती है। साथ ही किसी अत्यन्त राजकार्य से भी बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी स्थगित की जा सकती है।
5–अन्तिम बोली छोडे गये सामान को 24 घन्ट के अन्दर स्वंय के साधन से उठाना होगा।
6–नीलामी राशि पर नियमानुसार जीएसटी का चालान संबंधित बोलीदाता को जमा करवाकर प्रस्तुत करना होगा।
7–बोलीदार स्वयं अपनी यात्रा व सामान उठाने का खर्च का जिम्मेदार होगा।
8–अमानत राशि/सम्पूर्ण राशि की डी.डी.पुलिस अधिशक टोंक के नाम से प्रस्तुत करना होगा।
9–नीलामी की अन्य शर्ते कार्यालय में देखी जा सकती है।
10–नीलामी से पूर्व जीएसटी पंजीकृत प्रमाण पत्र एवं नीलामीदाता के आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी।
11–नीलामी की अन्य शर्तें sppp portal पर देखी जा सकती है।
12–नीलामी के दिन राजकीय अवकाश होने की स्थिति में नीलामी कार्य आगामी कार्य दिवस में सम्पादित किया जावेगा।

DIPR/C/12268/2025

**( विकास सांगवान )**
**पुलिस अधीक्षक,**
**जिला, टोंक।**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड अलीगढ़ ( टोंक**

क्रमांक–अ.आ/अलीगढ़/टीए/2025–26/डी/1091–94 दिनांक: 17..2025

**निविदा सूचना संख्या : 06/2025–2026 के लिए नोट प्रकाशन करने बाबत**

(NIB code :(PWD2526A2071

राजस्थान के राज्यपाल महादेव की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजसस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए.ए.बी.सी.डी, श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निम्नांकित कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी।

| | |
|---|---|
| निविदा का कार्य | Repair & Maintenance & Survey Works |
| निविदा की कुल लागत | 18.55 लाख |
| कुल धरोहर राशि रुपयों में | सा.नि.वि. राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों के लिए1/2 प्रतिशत तथा अन्य संवेदकों के लिए अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत |
| निविदा बेचने की तिथि | 21.7.2025 से 28.7.2025 दोपहर 2.00 बजे तक |
| निविदा जमा करवाने तिथि | 28.7.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक। |
| निविदा खोलने की तिथि | 28.7.2025 को सांय 4.00 बजे। |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट www.dipr.rajasthan.gov.in व http:/www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN No.
1. PWD2526WSOBO7489
2. PWD2526WSOBO7491
3. PWD2526WSOBO7492
4. PWD2526WSOBO7493
5. PWD2526WSOBO7512
6. PWD2526WSOBO7514
7. PWD2526WSOBO7515
8. PWD2526WSOBO7516

DIPR/C/10458/2025

**( भगवान सिंह मीणा )**
**अधिशाषी अभियंता**
**सा.नि.वि. खण्ड अलीगढ़**
**मो.नं. 9166655510**

## रक्त में कैल्शियम को सामान्य स्तर करने में हर्बल यूनानी चिकित्सा सक्षम : डॉ लियाक़त अली मंसूरी



बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। शरीर के रक्त में कैल्शियम का सामान्य स्तर 8.5 से 10.2 मिलीग्राम / डेसीलीटर के बीच होता है। यदि रक्त में कैल्शियम का स्तर 8.5 द्वद्द/स्रारु से कम है, तो इसे हाइपोकैल्सीमिया कहते हैं । और यदि रक्त में कैल्शियम का स्तर 10.2 द्वद्द/स्रारु से अधिक है, तो इसे हाइपरकैल्सीमिया कहा जाता है ।

शरीर में कैल्शियम के कार्य—

1. कैल्शियम हड्डियों और दांतों की संरचना का मुख्य घटक है, जो उन्हें मजबूत और स्वस्थ रखने में मदद करता है ।

2. कैल्शियम मांसपेशियों के संकुचन और विश्राम के लिए आवश्यक है, जो शरीर की गतिशीलता के लिए महत्वपूर्ण है ।

3. कैल्शियम तंत्रिका तंत्र के सही ढंग से काम करने के लिए भी आवश्यक है, जो शरीर के विभिन्न अंगों और प्रणालियों के बीच संचार में मदद करता है ।

4. कैल्शियम रक्त के थक्के जमने की प्रक्रिया में भी शामिल है, जो चोट लगने पर रक्तस्राव को रोकने में मदद करता है ।

कैल्शियम की कमी के लक्षण—

1. मांसपेशियों में ऐंठन और दर्द ।
2. थकान और कमजोरी ।
3. मानसिक स्वास्थ्य में परिवर्तन जिसमें भूलने की बीमारी , भ्रम , अवसाद और चिन्ता ।
4. सूखी त्वचा और भंगुर नाखून ।
5. दांतों की समस्याएं ।
6. हड्डियों का कमजोर होना ।
7. मोटे बाल ।
8. असामान्य दिल की धड़कन ।
9. दौरे ।
10. झुनझुनी और सुन्नता खा़स कर मुंह के आसपास, होठ, जीभ, उंगलियाँ और पैरों में ।
11. नसों और मांसपेशियों में उत्तेजना की कमी ।

क्या जाँचें करा सकते हैं—

1. रक्त में कैल्शियम स्तर ।
2. रक्त में कैल्शियम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा एल्बुमिन से बंधा हुआ है। इसलिए एल्बुमिन के स्तर को भी मापा जाता हैं ।
3. मैग्नीशियम, फास्फोरस, पीटीएच, विटामिन डी के स्तर के लिए रक्त परीक्षण ।
4. हृदय ताल असामान्यताओं के लिए इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी) परीक्षण ।

यूनानी उपचार—

1. कैल्शियम स्तर को बढ़ाने के लिए —कुश्ता शंख , कुश्ता गोदन्ती , ख़मीरा मरवारीद , अर्क अजवाइन , हब्बे असगंध , हब्बे शिलाजीत, जवारिश आँवला , माजून जोगराज गुगल, अर्क माउल लेहम आदि का प्रयोग किया जाता हैं ।

2. घरेलू नुस्ख़ों के रूप में—गिलोय , तुलसी के पत्ते, तिल के बीज , भीगा हुआ चुना या उसका पानी, दूध और दालचीनी आदि दिये जाते हैं ।

3. कैल्शियम से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करें जैसे कि डेयरी उत्पाद जैसे दही, पनीर, दूध हरी पत्तेदार सब्जियां, रागी, आँवलें, संतरा टमाटर सोयाबीन, तिल और कैल्शियम–फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थ ।

4. विटामिन डी भी लें—विटामिन डी कैल्शियम के अवशोषण में मदद करता है, इसलिए पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी प्राप्त करना भी महत्वपूर्ण है

5. सप्लीमेंट्स लें—यदि अपने आहार में पर्याप्त कैल्शियम नहीं मिल रहा है, तो कैल्शियम सप्लीमेंट्स ले सकते हैं जैसे खजूर, केले, बादाम, चने और मखाने आदि ।

डॉ लियाक़त अली मंसूरी
(यूनानी चिकित्सक एवं हिजामा
थैरेपी स्पेशियलिस्ट)
सवाई मानसिंह अस्पताल
जयपुर (राज.)

## सम्पादकीय

# मोदी की मालदीव यात्रा से हिंद महासागर में फिर मज़बूत हुई भारत की पकड़, चीन की बेचैनी बढ़ी

मोदी की मालदीव यात्रा से पड़ने वाले असर को देखें तो इस ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब भी मालदीव की रणनीतिक प्राथमिकता है। साथ ही श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश जैसे पड़ोसी भी देख रहे हैं कि भारत बिना धमकाए, बिना ऋणजाल के, सहयोग और स्थिरता का मार्ग प्रस्तुत करता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मालदीव यात्रा केवल एक औपचारिक राजकीय दौरा नहीं है, बल्कि यह दक्षिण एशिया की भू-राजनीतिक बिसात पर भारत की चतुर कूटनीति, रणनीतिक धैर्य और नेतृत्व क्षमता का स्पष्ट प्रदर्शन भी है। यह यात्रा इस प्रश्न का उत्तर भी है— कि कैसे भारत ने 'चीन की गोद में जाते' मालदीव को फिर से अपने पक्ष में मोड़ लिया।

हम आपको याद दिला दें कि 2023 में जब मोहम्मद मुइज्जू सत्ता में आए, तो उन्होंने खुलकर अभियान का समर्थन किया और भारतीय सैन्य उपस्थिति पर सवाल उठाए। उनकी शुरुआती विदेश यात्राएं भी संकेत दे रही थीं कि मालदीव अब चीन के करीब जा रहा है। लेकिन भारत ने जल्दबाज़ी में कोई कड़ा कदम नहीं उठाया। इसके विपरीत, उसने (संवाद, न कि टकराव) की नीति अपनाई। भारत ने रक्षा कर्मियों को तकनीकी विशेषज्ञों से बदला, जिससे मालदीव की %संप्रभुता% की चिंता को दूर किया गया, लेकिन रणनीतिक उपस्थिति बनाए रखी गई। साथ ही विकास परियोजनाओं को बिना शोर के आगे बढ़ाया गया जिससे आम जनता को भारत की भूमिका का सकारात्मक प्रभाव दिखता रहा। इसके अलावा, आर्थिक मदद जैसे 30 अरब रुपये की ऋण सुविधा, करेंसी स्वैप और ट्रेजरी बिलों से मालदीव की डूबती अर्थव्यवस्था को सहारा दिया गया। साथ ही सांस्कृतिक, राजनीतिक और पार्टी-स्तरीय जुड़ाव को फिर से शुरू किया गया, जिससे भारत और मालदीव के बीच बहुस्तरीय संपर्क बने रहें। इसके अलावा, 2024-25 में भारत ने नई परियोजनाएं घोषित करने की बजाय पूर्ववर्ती विकास कार्यक्रमों को तेज़ी से पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया। हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट जैसे विशाल निर्माण कार्य इसके उदाहरण हैं। इनका न केवल आर्थिक, बल्कि रणनीतिक महत्व भी है क्योंकि ये चीन समर्थित बंदरगाह-राजनीति के विकल्प प्रस्तुत करते हैं देखा जाये तो भारत की नीति में ज़बरदस्त कूटनीतिक परिपक्वता थी। भारत ने मुइज्जू की ओर से उकसाने के बावजूद भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के साथ अपने कदम आगे बढ़ाये। प्रधानमंत्री मोदी जब मालदीव पहुँचे तो उनके स्वागत के लिए उमड़ी जनता और अगवानी के लिए पहुँचे मुइज्जू की खुशी देखने लायक थी। हम आपको बता दें कि मालदीव जैसे राष्ट्र में यह परंपरा नहीं रही कि राष्ट्रपति स्वयं एयरपोर्ट पर किसी राष्ट्राध्यक्ष की अगवानी करें। मुइज्जू का प्रधानमंत्री मोदी को हवाई अड्डे पर व्यक्तिगत रूप से रिसीव करना कई गहरे संदेश देता है। जैसे- यह अभियान से पूरी तरह यू-टर्न है। अब राष्ट्रपति खुद भारत के सर्वोच्च नेता के स्वागत में खड़े हैं। इसके अलावा, मुइज्जू यह दिखाना चाहते हैं कि अब भारत के साथ सहयोग राष्ट्रहित में है। यह संकेत देशवासियों के लिए है कि भारत शत्रु नहीं, सहायक है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 26 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1757 हस्टेनबेक पर लड़ाई- फ्रांसीसी सेना कम्बरलैंड के राजा से हार गई।
- 1760 ऑस्ट्रियाई सैनिकों ने फोर्ट ग्लैट्ज़ सिलेसिया पर कब्जा कर लिया।
- 1788 न्यूयॉर्क अमेरिका का 11वां राज्य बना।
- 1788 न्यूयॉर्क ने संयुक्त राज्य के संविधान की पुष्टि की और ग्यारहवां अमेरिकी राज्य बन गया।
- 1803 इंग्लैंड में पहली सार्वजनिक रेलवे लाइन के कारण, वंड्सवर्थ और क्रॉयडन के बीच वैगॉन्वे खोला गया।
- 1805 मॉलिस और कैम्पानिया, इटली में भूकंप से लगभग 5,573 लोगों की मौत हो गई।
- 1826 लिथुआनिया की हिंसा में अनेक यहूदी मारे गए
- 1835 हवाई में पहला गन्ना बागान शुरू हुआ।
- 1858 बैरोन लियोनेल डे रोथस्चल्ड ब्रिटिश संसद के लिए चुने गए पहले यहूदी व्यक्ति थे।
- 1882 बोअर भाड़े के सैनिकों ने ट्रांसवालिप रिपब्लिक से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की और स्टेलैंडेंड गणराज्य की स्थापना की।
- 1882 रिचर्ड वैगनर के ओपेरा पारसिफ़ल, जो कि वुल्फराम वॉनएस्चेनबाक की महाकाव्य कविता परज़िवल पर आधारित है, जो कि आर्थरियन नाइट पेर्सिवल के बारे में है और पवित्र कंघी बनानेवाले की रेती के लिए, आधिकारिक तौर पर बेवेरूथ, बावरिया (वर्तमान जर्मनी) में फसेस्टेलिहेल पर आधारित है।
- 1887 रु रु ज़ामेनहोफ़ ने nua Libro को प्रकाशित किया, पहला प्रकाशन एस्पेरांतो का निर्माण किया, जो कि एक निर्मित अंतर्राष्ट्रीय भाषा है।
- 1936 प्रथम विश्व युद्ध के दौरान मारे गए कनाडाई अभियान बल के सदस्यों की स्मृति में समर्पित कनाडाई राष्ट्रीय विमि मेमोरियल, एक स्मारक स्थल वीमी, पास-डी-कैलास, को तहस-नहस कर दिया गया था।
- 1945 लेबर पार्टी ने 5 जुलाई को भूस्खलन से यूनाइटेड किंगडम का आम चुनाव जीता, जिसमें क्लीमेंट एटली के साथ विंस्टन चर्चिल को प्रधान मंत्री बनाया गया।
- 1951 नीदरलैंड ने जर्मनी के साथ युद्ध खत्म किया।
- 1953 एरिज़ोना में एक बहुसंख्यक मॉर्मन संप्रदाय पर शॉर्ट क्रीक छापा मारा गया।
- 1953 फिदेल कास्त्रो और उनके भाई राउल ने मोनकाडा बैरक पर असफल हमले में लगभग160 विद्रोहियों के एक समूह का नेतृत्व किया, इस प्रकार क्यूबा क्रांति।
- 1953 कम्युनिस्ट क्रांतिकारी फिदेल कास्त्रो के नेतृत्व में क्यूबा में सफल क्रांति की शुरुआत हुई।
- 1956 मिस्त्र ने स्वेज नहर का राष्ट्रीयकरण किया।
- 1965 मालदीव ब्रिटेन के अधीनता से स्वतंत्र हुआ।
- 1990 अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज एच। डब्ल्यू। बुश ने अमेरिकन्स डिसएबिलिटीज एक्ट, एक व्यापक नागरिक अधिकार कानून में हस्ताक्षर किए, जो कुछ परिस्थितियों में, विकलांगता के आधार पर भेदभाव पर प्रतिबंध लगाता है।
- 1992 मैन ऑफ ला मंच %108 प्रदर्शनों के बाद मारकिस थिएटर न्यूयॉर्क सिटी में बंद हो गया।

## विशेष आलेख

### कारगिल विजय दिवस

# कारगिल: वीरता जहाँ लहू बनकर बही, जयघोष बनकर गूंजी



प्रो. आरके जैन

**इस युद्ध में भारतीय सैनिकों ने असंभव को संभव कर दिखाया। टाइगर हिल, तोलोलिंग और पॉइंट 5140 जैसी चोटियाँ, जिन्हें दुश्मन ने अभेद्य किला समझा था, भारतीय जवानों की वीरता के सामने धूल में मिल गईं। इस युद्ध में 527 सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए, और लगभग 1,363 घायल हुए। फिर भी, कोई पीछे नहीं हटा। उनकी बंदूकें केवल बारूद नहीं, बल्कि देशभक्ति का जज़्बा उगल रही थीं।**

जब भारत की मिट्टी शहीदों के लहू से रंग जाती है, तो वह न केवल इतिहास रचती है, बल्कि अमरता का वह गीत गाती है जो हर भारतीय के रग-रग में देशभक्ति की आग जला देता है। कारगिल की बर्फीली चोटियों पर बहा हर खून का कतरा आज भी पुकारता है – मैंने अपने प्राण मातृभूमि को सौंप दिए, अब तू क्या देगा भारत को? 26 जुलाई कोई साधारण दिन नहीं, यह भारत के शौर्य का वह स्वर्णिम पन्ना है जो हर हृदय में गर्व की लौ जलाता है। यह वह दिन है जब भारत ने दुनिया को बता दिया कि उसकी सीमाओं की ओर आँख उठाने वालों का दुस्साहस कुचल दिया जाता है, और मातृभूमि की रक्षा के लिए उसके वीर सपूत मौत को भी गले लगाने से नहीं डरते। कारगिल विजय दिवस केवल एक सैन्य जीत की गाथा नहीं, बल्कि यह उस अटूट संकल्प की कहानी है, जिसने भारत को अभेद्य बनाया।

मई 1999 में शुरू हुआ कारगिल युद्ध भारतीय सेना के लिए एक ऐसी अग्निपरीक्षा था, जहाँ दुश्मन की गोलियाँ ही नहीं, बल्कि प्रकृति की क्रूरता भी हर कदम पर चुनौती दे रही थी। पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा का उल्लंघन कर कारगिल, द्रास और बटालिक की चोटियों पर गुप्त रूप से कब्जा कर लिया था। 16,000 से 18,000 फीट की ऊँचाई पर, जहाँ साँस लेना भी एक युद्ध था, दुश्मन ने अपनी स्थिति मज़बूत कर ली थी। हाड़ जमा देने वाली ठंड, खतरनाक भूभाग और छिपे हुए दुश्मन – यह सब मिलकर मौत का नंगा नाच रच रहे थे। लेकिन भारतीय सेना ने इस चुनौती को न केवल स्वीकारा, बल्कि अपने अदम्य साहस से उसे परास्त कर दिखाया।ऑपरेशन विजय की शुरुआत हुई, जो केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत के स्वाभिमान का प्रतीक बन गया।

इस युद्ध में भारतीय सैनिकों ने असंभव को संभव कर दिखाया। टाइगर हिल, तोलोलिंग और पॉइंट 5140 जैसी चोटियाँ, जिन्हें दुश्मन ने अभेद्य किला समझा था, भारतीय जवानों की वीरता के सामने धूल में मिल गईं। इस युद्ध में 527 सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए, और लगभग 1,363 घायल हुए। फिर भी, कोई पीछे नहीं हटा। उनकी बंदूकें केवल बारूद नहीं, बल्कि देशभक्ति का जज़्बा उगल रही थीं। हर तिरंगा जो इन चोटियों पर लहराया, वह केवल कपड़ा नहीं, बल्कि हर शहीद की अंतिम साँस और भारत के गौरव का प्रतीक था। इन चोटियों पर लहराता तिरंगा उस माँ की मुस्कान था, जिसने अपने बेटे को देश के लिए खोया, और उस पिता का गर्व था, जिसने अपने लाल की शहादत को सलाम किया।कैप्टन विक्रम बत्रा, जिन्हें 'शेरशाह' का खिताब मिला, ने पॉइंट 5140 पर विजय पाकर ये दिल मांगे मोर का नारा बुलंद किया। यह नारा केवल एक उद्घोष नहीं था, बल्कि हर भारतीय के सीने में धड़कते जज़्बे की गूंज था। लेफ्टिनेंट मनोज पांडे, जिन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया, ने अपनी वीरता से दुश्मन को घुटनों पर ला दिया। राइफलमैन संजय कुमार, ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव और कैप्टन अनुज नैय्यर जैसे वीरों ने अपनी जान की परवाह किए बिना देश की आन-बान-शान की रक्षा की। इनमें से कई सैनिकों की उम्र 20-25 वर्ष थी, फिर भी उनकी वीरता ने पीढ़ियों के लिए एक मिसाल कायम की। परमवीर चक्र, महावीर चक्र और वीर चक्र से सम्मानित ये वीर केवल नाम नहीं, बल्कि देशभक्ति की वह ज्योति हैं जो कभी बुझने वाली नहीं। कारगिल युद्ध केवल सैनिकों की वीरता की कहानी नहीं था, बल्कि यह पूरे भारत की एकजुटता का जीवंत प्रमाण था। देश के कोने-कोने से लोग अपने जवानों के लिए प्रार्थनाएँ, पत्र और स्नेह भेज रहे थे। स्कूलों में बच्चे मोमबत्तियाँ जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहे थे, महिलाएँ अपने आँचल में दुआएँ बाँध रही थीं, और बुजुर्ग अपने आश्रय छोड़कर सैनिकों के समर्थन में सामने आए। मीडिया ने 24×7 कवरेज के साथ इस युद्ध को हर भारतीय के घर तक पहुँचाया, और पहली बार देश ने एकजुट होकर युद्ध को अपने दिल से महसूस किया। यह वह समय था जब हर भारतीय ने खुद को इस युद्ध का हिस्सा समझा, और यह संगठित देशप्रेम एक ऐसी मिसाल बना जो आज भी हमें प्रेरित करता है।

इस युद्ध ने भारत को कई सबक सिखाए। कारगिल के बाद भारत ने अपनी रक्षा नीति, सैन्य तैयारियों और खुफिया तंत्र को और मज़बूत किया। रक्षा मंत्रालय ने निगरानी तंत्र को उन्नत किया, और सशस्त्र बलों ने अपनी रणनीतियों में सुधार किया। यह युद्ध एक चेतावनी था कि देश की सुरक्षा केवल सीमाओं पर ही नहीं, बल्कि विचारों, नीतियों और एकता में भी सुनिश्चित करनी होगी। कारगिल ने हमें सिखाया कि शांति की चाहत हमें कमजोर नहीं बना सकती; हमें हमेशा सजग और तैयार रहना होगा।हर साल 26 जुलाई को हम कारगिल विजय दिवस मनाते हैं, लेकिन यह दिन केवल औपचारिकता का नहीं है। यह वह दिन है जब हमें खुद से पूछना चाहिए – क्या हम उस भारत के योग्य हैं, जिसके लिए किसी माँ ने अपने बेटे को खोया? यह दिन हमें याद दिलाता है कि शहीदों का बलिदान केवल स्मृतियों में नहीं रहना चाहिए; उसे हमारे कर्मों, संकल्पों और राष्ट्रनिर्माण में उतारना होगा। कारगिल के शहीदों ने हमें एक ऐसा भारत सौंपा, जिसके लिए उन्होंने अपनी जान दी। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उस भारत को और मज़बूत, समृद्ध और एकजुट बनाएँ।

# भारत दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी पर्यटन अर्थव्यवस्था, कमाई 19 लाख करोड़



रामस्वरूप रावतसरे

**रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले साल भारत 10वें स्थान पर था, लेकिन इस बार दो पायदान की छलांग लगाकर जापान और फ्रांस जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया। अमेरिका पहले स्थान पर है 2,360 अरब डॉलर के साथ, उसके बाद चीन, जर्मनी, जापान, ब्रिटेन, फ्रांस और मैक्सिको हैं। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार की दूरदर्शी नीतियों, मेहनत और लगातार प्रयासों का बड़ा हाथ है।**

भारत ने विश्व पर्यटन की दुनिया में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीसी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2024-25 में भारत दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी पर्यटन अर्थव्यवस्था बन गया है। देश की पर्यटन से होने वाली कमाई 231.6 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 19.4 लाख करोड़ रुपये) तक पहुँच गई है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले साल भारत 10वें स्थान पर था, लेकिन इस बार दो पायदान की छलांग लगाकर जापान और फ्रांस जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया। अमेरिका पहले स्थान पर है 2,360 अरब डॉलर के साथ, उसके बाद चीन, जर्मनी, जापान, ब्रिटेन, फ्रांस और मैक्सिको हैं। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार की दूरदर्शी नीतियों, मेहनत और लगातार प्रयासों का बड़ा हाथ है।

पिछले एक दशक से पहले भारत की पर्यटन अर्थव्यवस्था की स्थिति ज्यादा मजबूत नहीं थी। 2013 में डब्ल्यूटीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पर्यटन की विकास दर 6-7 प्रतिशत के आसपास थी, लेकिन वैश्विक रैंकिंग में भारत 24वें स्थान या उससे नीचे था। विदेशी पर्यटकों की संख्या 2013 में लगभग 6.97 मिलियन थी, जो 2019 तक बढ़कर 10.93 मिलियन हो गई। जीडीपी में योगदान 5-6 प्रतिशत था।

इन सबके बीच 2020 में कोविड-19 महामारी ने पर्यटन उद्योग को और बड़ा झटका दिया। विदेशी पर्यटकों की संख्या घटकर 2.74 मिलियन रह गई, और जीडीपी में योगदान 4 प्रतिशत तक गिर गया। होटल, टूर ऑपरेटर, गाइड्स, और छोटे-मोटे दुकानदार सब परेशान थे। लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह भारत की मेहनत और जज्बे की मिसाल है। कोविड के बाद तेज रिकवरी हुई। 2023 में विदेशी पर्यटक 9.52 मिलियन पहुँच गए, जो 2019 के 87 प्रतिशत के बराबर था। घरेलू पर्यटन भी बढ़ा 2023 में 2.5 अरब से ज्यादा घरेलू यात्राएँ हुईं। यह सब सरकार की नीतियों से हुआ।

दरअसल, यह सफलता सालों की मेहनत का परिणाम है। 2014 से पर्यटन को प्राथमिकता दी गई। बजट आवंटन 2014 में 500 करोड़ रुपये था, जो अब 2,400 करोड़ से ज्यादा हो गया है। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा साल 2002 में चलाए गए 'अतुल्य भारत' अभियान को और मजबूत किया गया। सोशल मीडिया, फिल्मों और व्लॉग्स के जरिए प्रमोशन बढ़ा। ट्रैवल कंटेंट ने भारत को वैश्विक स्तर पर चमकाया।

इसके अलावा स्वदेश दर्शन योजना 2014-15 में शुरू हुई, जिसमें थीम-आधारित पर्यटन सर्किट विकसित किए गए, जैसे बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट, वन्यजीव सर्किट। लेकिन शुरुआत में यह कई राज्यों में फैली हुई थी, इसलिए प्रभाव कम पड़ा। 2022 में स्वदेश दर्शन 2.0 लॉन्च हुई, जो एक-एक जगह पर केंद्रित है। इसमें सतत पर्यटन पर जोर दिया गया इस बात को ध्यान में रखते हुए कि पर्यावरण को नुकसान न पहुँचे, स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के बेहद शानदार और बॉलीवुड स्टार से दिखने वाले अधिकारी जयन्त चौधरी।

11 अप्रैल 1989 को बिकानेर में जन्में पिलानी झुंझुनू में पढ़ाई की। स्कूलिंग बीकानेर बॉयज स्कूल से पूर्ण हुई व इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग कॉलेज कोटा से पूरी की। पिताजी एडिशनल चीफ इंजीनियरजोधपुर डिस्कॉम,राजस्थान रहे। इसलिए घर का माहौल पढ़ लिखकर आगे बढने् का ही था। ऐसे में कृत संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे इस युवा ने कुछ कर गुजरने का सपना आँखों में संजोया और राजस्थान प्रशासनिक सेवा में अपना चयन कर ना सिर्फ माता पिता अपितू पूरे समाज का नाम रोशन किया। 2019 में आरएएस बने। 2019 में ही आरएएस अधिकारी मनीषा लेघा के साथ प्रणय सूत्र बंधन में बंधे। आज सहायक कलक्टर(मुख्यालयद्ध फागी जयपुर) पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये उपखण्ड अधिकारी, जयपुर शहर उत्तर। उपखण्ड अधिकारी, सांभरलेक जयपुर ग्रामीण। उपखण्ड अधिकारी, खण्डार सवाईमाधोपुर। उपखण्ड अधिकारी, अलवर। उपखण्ड अधिकारी, सांभर जयपुर। उप निदेशक नागरिक सुरक्षा विभाग, जयपुर। उपखण्ड अधिकारी, चाकसू जयपुर।

सहायक कलक्टर मुख्यालय सांभर जयपुर। उपखण्ड अधिकारी, आनन्दपुरी बांसवाडा। सहायक कलक्टर प्रशिक्षणाधीन बीकानेर रहे।



जयन्त चौधरी
(आरएएस)

बेहद शानदार अधिकारी हैं जयन्त चौधरी। अलवर एसडीएम कार्यकाल के दौरान इनकी शानदार व्यवहार व शानदार कार्यशैली देखने को मिली। परिवादियों को उनकी समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के अंतिम दौर तक पहुँचाकर उन्हे राहत देते हैं। टीम बढ़ता राजस्थान को गुरूर है ऐसे शानदार ऑफिसर पर। ईश्वर इनके भविष्य को सैदव उज्जवल बनाए रखें।

रूपक शर्मा

## संस्मरण

# जंगल के दोस्त और आदमखोरों के शिकारी थे जिम कार्बेट

आज ही के दिन यानी की एडवर्ड जेम्स कार्बेट उर्फ जिम कार्बेट का जन्म हुआ था। वह आयरिश मूल के भारतीय लेखक व दार्शनिक थे। जिम कार्बेट आदमखोर हिंसक बाघ व तेंदुओं को मारकर आम जनता की रक्षा करते थे।

उत्तराखंड के लिए जिम कार्बेट किसी फरिश्ते से कम नहीं थे। आज ही के दिन यानी की 25 जुलाई को जिम कार्बेट का जन्म हुआ था। इनका असली नाम एडवर्ड जेम्स कॉर्बेट था और यह एक प्रसिद्ध शिकारी थे। जिम कार्बेट एक ओर आदमखोर हिंसक बाघ व तेंदुओं को मारकर आम जनता की रक्षा करते थे, तो वहीं वह दूसरी ओर पर्यावरण व वन्यजीवों का भी संरक्षण करते थे। आइरिस के नागरिक होने के बाद भी उनको भारत से इतना लगाव था कि वह यहीं के होकर रह गए। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर जिम कार्बेट के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

उत्तराखंड के नैनीताल में 25 जुलाई 1875 को जिन कार्बेट का जन्म हुआ था। इनके पिता पोस्टमास्टर थे। वहीं 4 साल की उम्र में उनके सिर से पिता का साया उठ गया। जिसके बाद जिम कार्बेट की मां मैरी ने घर की जिम्मेदारी उठाई। वह 12 भाई-बहन थे, ऐसे में इतने बड़े परिवार को संभालने के लिए जिम कॉर्बेट ने रेलवे में नौकरी ले ली। लेकिन उनका सफर अलग था। लेकिन 1914 में सेकेंड वर्ल्ड वॉर होने पर वह कुमाऊं लौट आए।

**नरभक्षियों के लिए थे काल**

जिम कार्बेट ने पवलगढ़ का कंवारा बाघ, थाक का बाघ के अलावा पौड़ी गढ़वाल और चंपावत आदि स्थानों पर हजारों लोगों को अपना शिकार बना चुके आदमखोर बाघों को मौत की नींद सुलाई थी। उन्होंने लोगों को बाघों के आतंक से राहत दिलाई। वहीं जिम कार्बेट को वन्य जीवों व पक्षियों की आवाज निकालने में भी महारथ हासिल थी।

उनकी गिनती बेहतरीन लेखकों में भी होती थी। उन्होंने शिकारी जीवन पर द टेंपल टाइगर, माई इंडिया, मैन ईटर्स ऑफ़ कुमांऊ, पर्ड आफ रुद्रप्रयाग, जंगल रोर व ट्री ट्राप्स जैसी किताबें लिखीं। कार्बेट के ऊपर फिल्म और डाक्यूमेंट्री भी बन चुकी है।

**एशिया का पहला टाइगर पार्क**

जिम कार्बेट आदमखोर जानवरों को मारने के बाद दुखी हो जाया करते थे।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
मेष राशि वालों का दिन मेहनत और लगन से काम करने का है। आपके पास साहस की कमी नहीं है, पर अकारण व्यवधान लाभ के रास्ते में रुकावट बन सकते हैं। यदि आप किसी नई योजना की शुरुआत करना चाहते हैं तो थोड़ा समय लें ।

### वृष
वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी से काम करने का है। किसी कार्य में अत्यधिक जल्दबाजी आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। संयम बनाए रखें और खासतौर पर आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

### मिथुन
मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई नया टार्गेट या क्लाइंट मिलने की संभावना है, लेकिन यह आपके धैर्य की परीक्षा लेगा। पैसों के लेन-देन में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### कर्क
कर्क राशि के लोगों को सलाह है कि भाग्य के भरोसे न बैठें, आपको अपनी मेहनत के बल पर ही सफलता मिलेगी। कोई लंबी यात्रा की योजना बन सकती है जो थकान भरी होगी, पर उससे जुड़े लाभ भी होंगे। कार्यक्षेत्र में कोई अधूरा कार्य पूरा करने का दबाव रहेगा

### सिंह
सिंह राशि के लोगों के लिए समय अनुकूल है। आपके अधूरे काम सहजता से पूरे होंगे और मन में आत्मविश्वास बना रहेगा। कोई नया व्यवसायिक अवसर मिल सकता है, जिससे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कन्या
कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ रहेगा। सामाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिल सकता है। घर में किसी धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में योजनाएं फलीभूत होंगी, विशेषत: शिक्षा और लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

### तुला
तुला राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और प्रभाव भी मजबूत होगा। एक के बाद एक समस्याएं सुलझेंगी जिससे आत्मबल में वृद्धि होगी। पेट और आंखों की समस्या से सतर्क रहें।

### वृश्चिक
वृश्चिक राशि के लोगों का दिन तरक?की से भरा होगा। जटिल कार्यों का समाधान मिलेगा और नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत हो सकती है। व्यापार में साझेदारी लाभकारी साबित होगी। मानसिक तनाव और सिरदर्द हो सकता है।

### धनु
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### मकर
मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और पुरुषार्थ व साहस के बल पर आप नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिलेगा। किसी चल-अचल संपत्ति का विवाद हल हो सकता है।

### कुंभ
कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

### मीन
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया सीखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप राजनीति में भी हाथ आजमाने की सोचेंगे। यदि आपका प्रॉपर्टी को लेकर कोई मामला अटका हुआ था, तो वह भी सुलझ सकता है।

# भाजपा खंडार आईटी विभाग की बैठक सम्पन्न, संगठनात्मक मजबूती एवं डिजिटल जनसंपर्क जरूरी



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने शुक्रवार को खंडार विधानसभा में आईटी कार्यकर्ताओं की बैठक ली! बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ 7 बैठक में प्रदेश मीडिया संयोजक हरेंद्र कौशिक, खंडार प्रधान नरेंद्र चौधरी, मंडल अध्यक्षगण एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे, बैठक में संगठनात्मक मजबूती एवं डिजिटल माध्यम से जनसंपर्क को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश साझा किए गए, और आगामी दिनों में भाजपा को सोशल मीडिया पर मजबूती प्रदान करने की योजना तैयार की गई 7 इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश जैन,जिला महामंत्री जगदीश अग्रवाल, बाबूलाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, जिलामंत्री गंगशंकर गौतम, रामहरि जाट, कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल सह कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, खंडार मंडल अध्यक्ष महावीर गंडासिया , छान मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र ,बरवाड़ा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, कुस्तला मंडल अध्यक्ष मनराज गुर्जर, ओम सुवालका , एवं खंडार विधानसभा के आई टी एवं सोशल मीडियांके कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर सुनी समस्याएं

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** ग्राम पंचायत रावल में गत दिवस आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर काना राम ने ग्रामीणों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि किसानों को 31 जुलाई तक बीमा करवा कर योजना का अधिकतम लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कृषि विभाग उपनिदेशक राकेश कुमार अटल को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर योजना के टोल फ्री नम्बर 14447, फसल एप और नुकसान की सूचना देने की समय-सीमा के बारे में व्यापक




प्रचार-प्रसार करें। साथ ही, तारबंदी, फार्म पॉण्ड व पाइपलाइन जैसी योजनाओं से अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जाए। चिकित्सा सेवाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जैमिनी को निर्देशित किया कि आगामी चौपालों के दौरान आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आरोग्य कार्ड मौके पर ही वितरित कर ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाए। चौपाल में ग्रामीणों ने रास्तों के मरम्मत व चिन्हांकन, विद्यालय के खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने, वन विभाग की बाउंड्री वॉल ऊंची करने, शिक्षा व्यवस्था सुचारू करने, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने, बंदरों से होने वाली परेशानी, बिजली आपूर्ति नियमित करने, कनेक्शन उपलब्ध कराने, कृषि भूमि के सीमा निर्धारण, तथा अन्य जनसमस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराया। जिला कलक्टर ने सभी प्राप्त परिवादों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध, संवेदनशील व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए तथा अधिकारियों से नियमित मॉनिटरिंग कर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। चौपाल में कृषि, पशुपालन, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, रसद एवं पंचायती राज विभागों के अधिकारियों ने भी विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करने व लगाए गए पौधों की देखरेख सुनिश्चित करने हेतु आमजन से अपील की। रात्रि चौपाल में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह, विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा, तहसीलदार नीरू सिंह, डीएसपी उदय सिंह, सरपंच बजरंगी देवी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्मिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# हरियाली तीज पर होगा वन महोत्सव का आयोजन, जिले में एक ही दिन में लगेंगे 9 लाख से पौधे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में हरियाली तीज पर यानी 27 जुलाई को वन महोत्सव मनाया जाएगा, जिसके तहत जिले भर में एक ही दिन में 9 लाख पौधे लगाए जाएंगे। जिला स्तरीय समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुस्तला में आयोजित होगा, जिसमें सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक तथा जिला प्रभारी एवं प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग डॉ. देबाशीष पृष्टी भी शामिल होंगे। वहीं पूरे मानसून में भी जिले में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि जिले में 1 जुलाई से अब तक 8 लाख से



अधिक पौधारोपण किया जा चुका है। जिला कलक्टर काना राम ने इस संबंध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परसिर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में बैठक लेते हुए समारोह की पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने वन विभाग समेत विभिन्न विभागीय अधिकारियों को पौधारोपण में आमजन को जोड़ने की बात भी कही।

### एक ही दिन में 9 लाख से अधिक लगाएंगे पौधे

जिला कलक्टर ने बताया कि जिले में वन महोत्सव के तहत हरियाली तीज पर 27 जुलाई को विभिन्न विभागों द्वारा एक ही दिन 9 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 1 लाख 50 हजार, शिक्षा विभाग (स्काउट) द्वारा 3 लाख 50 हजार, शहरी स्थानीय निकाय (नगर परिषद/पालिका) द्वारा 80 हजार, चिकित्सा विभाग, राजीविका विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं एनएचएआई द्वारा 40-40, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम द्वारा 30 हजार, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, जल संसाधन, जलग्रहण, खनिज विभाग द्वारा 25-25 हजार, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग 20-20 हजार, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 18 हजार, क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल द्वारा 15 हजार, पशुपालन एवं उद्यान विभाग द्वारा 10-10 हजार, कृषि उपज मण्डल (कॉपरेटिव), कृषि विभाग, नगर विकास न्यास द्वारा 5-5 हजार पौधे लगाए जाएंगे। उप वन संरक्षक सुनील कुमार ने बताया कि वन मोहत्सव के तहत सभी ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ-साथ वन विभाग द्वारा 20 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे जिसमें बौंली रेंज, गंगापुर सिटी रेंज, लवकुश वाटिका चौथ का बरवाड़ा, रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाई माधोपुर में पौधारोपण एवं सभी नर्सरियों में मियावाकी तकनीक से प्लान्टेशन होगा।

# पूर्व सरपंच बंशीधर बोहरा की पुण्यतिथि पर किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** पूर्व सरपंच झिलाय स्वर्गीय बंशीधर बोहरा की 17 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में झिलाय रोड पर रिको एरिया में स्थित कैलाश उद्योग में पौधारोपण किया गया। इस दौरान कैलाश उद्योग के निदेशक विष्णु बोहरा ने बताया कि पूर्व सरपंच स्व. बोहरा की 17 वीं पुण्यतिथि पर हर वर्ष पौधरोपण करके बंशीवारा मंदिर में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि पूर्व सरपंच बंशीधर बोहरा एक मिलनसार, समाजसेवी, व्यवहार कुशल, विद्वान, प्रतिष्ठावान व प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी थे। वह सरल स्वभाव, अनुभवी व दूरगामी सोच वाले व्यक्ति थे। वह समाज सेवा के साथ-साथ ईश्वर में भी सच्ची आस्था रखते थे। उनका अधिकतर समय भगवान की पूजा-पाठ व समाजसेवा में व्यतित रहा। वह निस्वार्थ भावना से समाज की सेवा करते रहे है। उन्होंने कहा कि झिलाय के लोगों ने उनको भरपूर प्यार व स्नेह देकर ग्राम पंचायत झिलाय के सरपंच के पद पर आसीन किया था। प्रमुख समाजसेवी विष्णु बोहरा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए



पेड पौधे होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृक्ष मनुष्य के लिए वरदान होते है, जिसके लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं एवं लोगों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वैदिक काल से ही पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण का चलन आ रहा है। उन्होंने कहा कि वैदिक काल से ही पेड़ पौधों को ईश्वर के रूप में मानते हुए उनकी पूजा-अर्चना की जाती है। उद्योगपति बोहरा ने बताया कि पुण्यतिथि पर भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। भजन संकीर्तन में भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिस पर भक्तों ने जमकर भक्ति नृत्य किया। इस अवसर पर कैलाशचंद बोहरा, ताराचंद बोहरा, प्रेमचन्द बोहरा, विष्णुकुमार बोहरा, राजेन्द्रकुमार बोहरा, त्रिलोकचंद बोहरा, महेश मिश्रा, सुरेश बोहरा, बाबू सोनी, मनीष पारीक, केदार शर्मा, राहुल बोहरा, ममता बोहरा एण्ड ग्रुप, रीमा जैन, कैलाश विजय, राजेशकुमार व मनीष कुमार लावा सहित कई कार्यकर्ताओं ने बील्वपत्र, चीकू, आम एवं अशोका सहित कई छायादार व फलदार पौधे लगाकर उनके देखरेख करने का संकल्प लिया।

# उद्यान विभाग द्वारा कृषकों की समस्याओं एवं समाधान के लिए बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** जिले में सब्जियों एवं फलों के प्रोसेसिंग, वेल्यू चेन, कोल्ड स्टोरेज, कोल्ड वेन के माध्यम से पोस्ट हार्वेस्टिंग मेनेजमेंट, मार्केटिंग एवं कृषकों की आय में बढ़ोतरी के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया, किसान, उद्यमी, स्टेक होल्डर्स, कृषि, उद्यान, उद्योग, नाबार्ड व कृषि विपणन विभाग के अधिकारी शामिल हुए। उद्यान विभाग के उपनिदेशक चंद्रप्रकाश बढ़ाया ने बताया कि बैठक में जिले में फल एवं सब्जियों के विक्रय को सुनिष्चित करने, प्रसंस्करण इकाईयों को बढावा देने, जिले के विभिन्न उत्पादों को एक्सपोर्ट करने एवं कृषकों की आय बढाने में आ रही समस्या एवं समाधान के बारे में चर्चा की गई। कृषकों ने सुझाव दिया कि जिले में सब्जी फसलोत्पादन के बाद जिले एवं राज्य के बाहर उत्पाद को विक्रय के लिए ट्रांसपोर्टेषन सब्सिडी एवं मार्केट की सुनिष्चितता की जाएं। उपनिदेशक ने कहा कि जिले में वेयर हाउस, कोल्ड स्टोरेज, कोल्ड वेन एवं प्रोसेसिंग के लिए कृषकों को अधिकाधिक अनुदान उपलब्ध करवाया जायेगा। बैठक में एडीएम ने उद्यानिकी उद्यमियों को नाबार्ड, उद्यान विभाग एवं उद्योग की विभिन्न अनुदानित योजनाओं का लाभ उठाते हुए फसल कटाई उपरांत प्रबंधन एवं प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की सलाह दी। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने किसानों, उद्यमियों को जिले में उत्पादित उत्पादों का अवलोकन कर प्रोसेसिंग यूनिट के लिए प्रेरित किया। उपनिदेशक ने वेयर हाउस, कोल्ड स्टोरेज, कोल्ड वेन एवं प्रोसेसिंग के लिए संचालित योजनाओं, कम्पोनेन्ट्स की विस्तार से जानकारी कृषकों एवं उद्यमियों को दी। बैठक में आत्मा के परियोजना निदेषक दिनेष कुमार बैरवा, अमरूद उत्कृष्टता केंद्र देवड़ावास के राजेष कुमार जाट, कृषि विज्ञान केंद्र वनस्थली के बंषीधर चौधरी, एफपीओ टोंक के सीईओ सदानंद शर्मा, उद्यमी, लौकेष जैन समेत अन्य कृषक मौजूद रहे।

# ब्लॉक सवाई माधोपुर के ई-ग्राम प्रभारियों को दिया प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना के अर्न्तगत ई-ग्राम प्रभारियों को कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) सवाई माधोपुर सभागार में ब्लॉक साख्यिकी अधिकारी अतुल गोयल द्वारा उप जिला कलक्टर एवं उपखण्ड ई-ग्राम परियोजना प्रभारी अधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक साख्यिकी अधिकारी अतुल गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना के अन्तर्गत प्रत्येक गाँव में राजकीय सेवाओं एवं सरकारी सुविधाओं की स्थिति और ग्रामीण जनता द्वारा उनके उपयोग को किसी भी समय ऑनलाईन मॉनिटरिंग करने के लिए सरकार द्वारा ई-ग्राम प्रणाली विकसित की गई है। प्रशिक्षण के दौरान समस्त ई-ग्राम प्रभारियों को ग्राम स्तर पर संचालित राजकीय सेवाओं एवं सरकारी सुविधाओं की स्थिति को वार्षिक प्रपत्र (ईजी-1 2025-26) में भरकर 10 अगस्त तक ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय सवाई माधोपुर में जमा करवाने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण में सांख्यिकी निरीक्षक संगीता मीना, संगणक मनोज कुमार मीना, संगणक गोवर्धन मीना एवं सभी ई-ग्राम प्रभारी उपस्थित रहे।

# ब्लॉक सांख्यिकी विभाग पीपलू द्वारा कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु), निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय एवं मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) जिला कलेक्टर, की पालना में पंचायत समिति पीपलू में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक हनुमान मीणा ने जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, सहायक सांख्यिकी अधिकारी राजेंद्र सैनी ने पीपीटी के माध्यम से पहचान पोर्टल पर पंजीकरण में आने वाली समस्या एवं अब तक हुए संशोधनों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में सांख्यिकी निरीक्षक भरतराज मीणा, प्रगति प्रसार अधिकारी छीतर मल जाट एवं संगणक मोगलेश मीणा समेत ब्लॉक के रजिस्ट्रार एवं उप रजिस्ट्रार उपस्थित रहे।

# कारगिल विजय दिवस को लेकर आज होगा सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान

**सिरस।** अंतरराष्ट्रीय समरसत्ता मंच की के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस को लेकर 26 जुलाई को जयपुर में स्थित रोटरी क्लब सभागार में सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सलाहकार डॉ कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि विजय दिवस समारोह में शिक्षा जन सेवा समाज सेवा व क्षेत्र के विकास कार्य में सहयोग देने पर ग्राम पंचायत सिरस के भैरूगंज गांव के मेघराज गुर्जर को विजयश्री अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# पशु आहार संयंत्र द्वारा डिस्ट्रीब्यूटर के साथ बैठक का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 25 जुलाई को पशु आहार संयंत्र द्वारा शुक्रवार को डिस्ट्रीब्यूटर्स बैठक का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 60 पशु आहार विक्रेताओं ने हिस्सा लिया। उनके द्वारा दिए सुझावों पर विचार विमर्श किया जाकर समस्याओं का निस्तारण किया गया। आरसीडीएफ मुख्यालय जयपुर से डॉ. रघुवीर कुमार तेली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। उनके द्वारा विक्रेताओं की समस्याओं से सम्बन्धित आवश्यक समाधान करने के लिए आश्वस्त किया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 में टॉप 10 डीलर्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। डीलर्स को भी किट एवं प्रमाण-पत्र दिया जाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में सभी डीलर्स से पशु आहार की गुणवत्ता से सम्बन्धित फीड बेक लिया गया। प्रबन्धक डॉ. निधिका जोशी एवं संयंत्र प्रभारी सुशील कुमार द्वारा पशु आहार बनाने की प्रकिया को विस्तार से समझाया गया।

# लहरिया महोत्सव का हुआ आयोजन, महोत्सव को लेकर हुई कई प्रतियोगिताएं, महिलाओं में भारी उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर गुरुवार को खंडेलवाल धर्मशाला में लहरिया महोत्सव व सामुहिक सहभोज का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं में भारी उत्साह रहा। लहरिया महोत्सव को लेकर खंडेलवाल समाज की सभी महिलाएं लहरिया पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान धर्मशाला परिसर में अनेक प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई जिसमें महिलाओं ने उत्साह से बढ़ चढकर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व युवाओं ने डीजे पर चल रहे सावन के गीतों पर जमकर नृत्य किया। इसके बाद सह भोज का आयोजन हुआ। जिसमें समाज के सभी लोगों ने भागीदारी निभाई। इस अवसर पर ब्रजमोहन खंडेलवाल, जगदीश टोडवाल, राजेश काचरिया, कपिल खंडेलवाल, कालू धामाणी, दीपक गुप्ता, शिवकुमार घीया, गोपाल काठ, सुरेश गुप्ता, रामकिशन टोडवाल, गोपी टोडवाल, अरविन्द कुमार, जगदीश अणतपुरा, नरेश ओड, चन्द्रकला, संतोष खंडेलवाल, संतोष गुप्ता, राजकुमारी, डिम्पल खंडेलवाल, प्रेमलता, रेखा बस्सी, ऋतु टोडवाल व शालू सहित समाज के कई महिला-पुरूष मौजूद थे।



# छः गाँव ढाणीयों के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## 40 वर्षों में जनप्रतिनिधियों से उठा भरोसा, प्रशासन की शरण में पहुँचे ग्रामीण

### सात दिवस में रोड़ बनाने की शुरुआत नहीं हुई तो होगा आन्दोलन : दायमा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर के नीमूचाना,धोली कोठी,मालीयों की ढाणी,बागड़ीयों की ढाणी, माना की ढाणी व सांथलपुर के ग्रामीणों ने कांग्रेस के युवा नेता राकेश दायमा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि नीमूचाना से तहसील कार्यालय को जोड़ने वाले लगभग 6 किलोमीटर लम्बे रास्ते पर सड़क निर्माण की मांग की। युवा नेता राकेश दायमा ने बताया कि 40वर्षों से हम सब ग्रामीण स्थानीय पंचायत राज जनप्रतिनिधियों, विधायकों और सांसदों के झूंठे आश्वासनों से पक चुके हैं। इन्होंने हमें सिर्फ आश्वासन दिया है धरातल पर इस रास्ते का कोई सड़क निर्माण नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि बालकों को विद्यालय जाने में परेशानी, प्रसूता महिला को आसपास ले जाने में परेशानी, अनाज को मण्डी तक ले जाने में परेशानी, विवाह योग्य बालकों के रिश्ते में परेशानी क्या हम आजाद भारत के नागरिक नहीं हैं। ग्रामीण भूतपूर्व सैनिक बताया कि अनेकों बार गाँव -ढाणीयों से पैसे इकट्ठे कर रास्ते को सुचारु किया जाता है लेकिन बरसात आने पर उसकी स्थिति जस की तस हो जाती है। खेतों की जींस का पूरा पैसा नहीं मिल पाता। वहीं ग्रामीण चेतन जांगिड़ ने बताया कि राजकीय रिकॉर्ड में यह रास्ता है और वर्षों से आज तक इस रास्ते पर सड़क निर्माण की मांग करते रहे हैं लेकिन हम ग्रामीणों की कहीं सुनवाई नहीं हो रही। यदि प्रशासन और सरकार ने भी हमारी समस्या का समाधान नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन और राज्य सरकार की होगी। वहीं उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि मुझे ग्रामीणों ने ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दिया है जिसको सार्वजनिक निर्माण विभाग और राज्य सरकार को भिजवा दिया जाएगा, और यदि रिकार्ड में रास्ता है तो उचित कार्यवाही करते हुए इनकी समस्या का समाधान भी करवाया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीण बाबूलाल जांगिड, एडवोकेट गौरीशंकर सैनी, हेमराज शेखावत ,चेतन जांगिड, सतवीर शेखावत, मातादीन कसाना सुबेदार, बनवारी प्रजापत, युवा नेता ओमप्रकाश बिलाली, ओमप्रकाश यादव,कांशी सैनी पंच,रोहिताश सराधना,बंब्लू रैबारी सहित काफ़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।



### इनका कहना

मेरी जानकारी में अभी तक नहीं आया है मैंने ऑफिस में भी इसकी जाँच करवा ली यदि हमारे कार्यालय को इस तरह की जानकारी मिलेगी तो हम जाँच कर कार्यवाही के लिए राज्य सरकार के पास भिजवा देंगे और बजट आबंटन के बाद सड़क निर्माण का कार्य करवा दिया जाएगा।

**नीलम पूनिया, अधिशाषी अधिकारी, सार्वजनिक निर्माण विभाग-बानसूर।**

हमने पंचवर्षीय योजना बना रखी है ऐसा कोई आबादी क्षेत्र नहीं बचेगा जहाँ सड़क नहीं हो। अभी हमारा फोकस बड़ी सड़कों पर है। रही बात इस सड़क निर्माण की अगले वित्तीय वर्ष में या उससे अगले वित्तीय वर्ष में सड़क का निर्माण करवा दिया जाएगा।

**देवीसिंह शेखावत, विधायक बानसूर विधानसभा क्षेत्र**

# जिला कलक्टर के निर्देश पर जिले के समस्त विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों, शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के जर्जर मकानों का होगा सघन सर्वे

### जिले में विद्युत विभाग 7 दिवस में विद्युत लाइन, विद्युत पोल इत्यादि को मापदण्डों के अनुरूप दुरूस्त कर क्षेत्रवार जारी करेंगे सर्टिफिकेट

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों को जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समस्त विद्यालयों, कॉलेजों व आंगनबाड़ी केंद्रों एवं जर्जर मकानों का सघन सर्वे कर क्षतिग्रस्त व जीर्ण-शीर्ण भवनो को चिन्हित करने व उनको तत्काल वैकल्पिक स्थानों पर शिफ्ट कराने के निर्देश दिये हैं तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को 7 दिन में जिले में ढीली विद्युत लाइन, नीचे ट्रांसफार्मर, टेडे विद्युत पोल इत्यादि को दुरुस्त करवा कर निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप व्यवस्था सुचारू होने का सर्टिफिकेट जारी करने के लिए निर्देशित किया है। जिला कलक्टर के द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के निवासियों की सुरक्षा के दृष्टिगत मानसून से पूर्व जारी विस्तृत आदेशों के क्रम में जिला कलक्टर ने जिले में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जर्जर भवनों का तत्काल पुन: सर्वे प्रारम्भ कर जीर्ण-शीर्ण पाए गए भवनों को वैकल्पिक व्यवस्था करने हेतु जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व उपखंड अधिकारियों, नगर निगम आयुक्त, विकास अधिकारियों एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समस्त विद्यालयों, कॉलेजों व आंगनबाड़ी केंद्रों का तत्काल सघन सर्वे प्रारम्भ कर क्षतिग्रस्त व जीर्ण-शीर्ण भवनो को चिन्हित करने के निर्देश दिए तथा इनका उपयोग बच्चों को बैठाने व अन्य किसी भी गतिविधि में ना हो यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ राजगढ़-रैणी उपशाखा के राजकुमार गुप्ता बने अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** शुक्रवार को कस्बे के बांदिकुई मार्ग पर स्थित ठिकाना गंगाबाग में आयोजित श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा राजगढ़-रैणी का पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन ठिकाना गंगाबाग के महंत प्रकाशदास महाराज के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समारोह में सर्व समाज जागृति संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश शर्मा व बृजवासी गौरक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्मदास महाराज तथा श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष चंदशेखर शर्मा विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष चंदशेखर शर्मा के निर्देशन में सभी पत्रकारों द्वारा वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार गुप्ता को श्रमजीवी उपशाखा राजगढ़-रैणी पत्रकार संघ का अध्यक्ष चुना गया। संरक्षक मंडल में देशबंधु जोशी, उपाध्यक्ष नागपाल शर्मा व राजेंद्र मीना, महासचिव रतन तिवाड़ी, सचिव महेंद्र मीना, प्रवक्ता विष्णु शर्मा, संगठन मंत्री अमन जैन, मीडिया प्रभारी रामरतन मीना, डी सी मीना, नेमी नीमला, रितिक शर्मा, विधि सलाहकार नेहपाल सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा तथा विशेष आमंत्रित सदस्य अखिलेश वशिष्ठ, जे.पी. वर्मा, राकेश शर्मा को बनाया गया। सभी सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सभी पत्रकारों ने एकजुट होकर संघ के साथ मिलकर पत्रकार हित में काम करने का निर्णय लिया।

# स्टेशनरी सामग्री पाकर मुस्कुराएं नौनिहालों के चेहरे

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के बस स्टैंड मार्ग पर स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय न.2 राजगढ़ में शुक्रवार को स्कूली बच्चों को स्टेशनरी सामग्री का वितरण कार्यक्रम सर्व समाज जागृति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बृजवासी गौरक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्मदास महाराज रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुरेश चंद शर्मा ने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बालिकाओं को आगे बढ़ने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने कहा हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विद्यार्थी को एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसकी देखभाल की जिम्मेदारी करनी होगी। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर अध्ययन करने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को पेन, कापी, पेंसिल आदि सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित अभिभावक महिलाओं को तुलसी के पौधों का वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेश चंद सैनी ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत सभी बालिकाओं को पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अशोक कुमार मुखीजा, रोशनलाल सैनी, रेणुका तिवाड़ी, अशोक शर्मा सहित बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे।



# प्रशासनिक सुधार टीम ने राजगढ़ के विभिन्न राजकीय कार्यालयों का किया निरीक्षण, 127 कर्मचारी मिले अनुपस्थित

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** शुक्रवार को प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के निर्देशानुसार उप शासन सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक निरीक्षण सूर्य बहादुर वर्मा के नेतृत्व में राज्य स्तरीय निरीक्षण दल के सदस्य सहायक शासन सचिव सुनील कुमार शर्मा, अनुभागाधिकारी महेंद्र कुमार सरावता एवं सहायक अनुभागाधिकारी चेनाराम भदाला ने राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों में निरीक्षण की कार्रवाई की। जिससे राजगढ़ में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान 33 राजकीय विभागों की उपस्थिति पंजिकाएं मौके पर जब्त की गई। इसमें 127 अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इनमें 48 राजपत्रित अधिकारियों में से 20 अधिकारी (41.66 प्रतिशत और 279 अराजपत्रित कर्मचारियों में से 107 कर्मचारी (38.35 प्रतिशत शामिल हैं। अनुपस्थित मिले सभी कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की रिपोर्ट उच्च स्तर पर प्रस्तुत की जाएगी। दल ने शुक्रवार सुबह 9ः45 बजे दो टीमों में बंटकर राजगढ़ उपखंड के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल ने साफ-सफाई को लेकर नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण दल ने तहसील कार्यालय, उपकोष कार्यालय, रजिस्ट्री शाखा, ब्लॉक कानूनगो कार्यालय, उपखंड कार्यालय और पंचायत समिति परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके अलावा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सार्वजनिक निर्माण विभाग और सामदायिक चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया।

# जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा 26 जुलाई को विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा 26 जुलाई को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। कार्यक्रमानुसार जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा अपराह्न 3 बजे अलवर में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण करेंगे एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, कार्यक्रमों, विभिन्न विभागों द्वारा अर्जित विशेष उपलब्धियों, संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक लेंगे।

# अब बिहार की तरह राजस्थान में भी होंगे मतदाता सत्यापित 5 अगस्त से 24 सितंबर तक करवाना होगा सत्यापन



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बानसूर के निर्देशन में विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) के संबंध में बीएलओ, सुपरवाइजर को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं,बानसूर एसडीएम अनुराग हरित द्वारा इस संबंध में प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं प्रोत्साहित किया गया। मास्टर ट्रेनर्स पुष्पेंद्र सोनी, डा. भीमसिंह जाट, राजेश कुम्हार, नंदलाल कुमावत द्वारा एसआईआर के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई इस अभियान में बीएलओ द्वारा घर घर जाकर सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र की दो प्रतियां दी जाएंगी जिन्हें भरकर वांछित दस्तावेजों के साथ वापस बीएलओ को जमा करना होगा। बीएलओ सभी आवेदनों को ऑनलाइन अपलोड करेंगे। ओर ऑफलाइन आवेदन को ईआरओ को जमा करवाएंगे। इसमें वर्ष 2002 की मतदाता सूची को आधार बनाया गया है, जिनका नाम इस सूची में होगा उनको कोई भी दस्तावेज संलग्न की आवश्यकता नहीं होगी, ये कार्य 5 अगस्त से 24 सितंबर,2025 तक प्रस्तावित हैं। इस दौरान सम्बंधित अध्यापकों को 51दिन का मिलेगा अवकाश विद्यालय नहीं जाना पड़ेगा। इस प्रशिक्षण के दौरान तहसीलदार बानसूर गजेन्द्र सिंह,नायब तहसीलदार बानसूर एवं नारायणपुर नायब तहसीलदार अनिरुद्ध सिंह, बानसूर चुनाव शाखा प्रभारी पूर्ण चंद यादव, बी एल ओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# पत्रकारिता के माध्यम से आमजन की सेवा करना पत्रकार का कर्तव्य : महंत प्रकाशदास महाराज

### श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा राजगढ़-रैणी का पत्रकार सम्मान समारोह हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** शुक्रवार को कस्बे के ठिकाना गंगाबाग में श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा राजगढ़-रैणी के पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन ठिकाना गंगाबाग के महंत प्रकाशदास महाराज के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष चंदशेखर शर्मा ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बृजवासी गौरक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्मदास महाराज व सर्व समाज जागृति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत प्रकाशदास महाराज ने कहा कि आज पत्रकारों को एकसाथ होकर एक मंच के नीचे आना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पत्रकारिता के माध्यम से आमजन की सेवा करना, जनता की समस्याओं को अधिकारीयों के समक्ष निष्पक्ष रूप से रखना पत्रकार का कर्तव्य है उन्होंने कहा कि चौथे स्तंभ के बिना समाज अधूरा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष चंदशेखर शर्मा ने पत्रकारों को कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने तथा पत्रकारों की समस्याओं के लिए हमेशा साथ निभाने की बात कही। कार्यक्रम में सर्व समाज जागृति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने सभी पत्रकारों को कलम की ताकत की महत्ता के बारे में बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार रमेश चंद शर्मा, कौशल शर्मा, राजेश गुप्ता, गोपेश धारवाल, राजेश शर्मा, शक्ति सिंह प्रजापति, राजकुमार गुप्ता, राजेंद्र मीना, नागपाल शर्मा, महेंद्र मीना, रामरतन मीना, डी सी मीना, नेमी नीमला, विष्णु शर्मा, जितेंद्र सेतिया, रतन तिवाड़ी, पुष्पेन्द्र शर्मा, मनोज वर्मा, देशबंधु जोशी, प्रदीप शर्मा,जयराम सैनी, सचिन शर्मा, रितिक शर्मा, श्याम सुंदर साहू, अमन जैन, राज अग्रवाल, नेहपाल सिंह, अखिलेश वशिष्ठ, जयप्रकाश जोशी, रमेश मीना, राकेश तंवर, पुष्पेन्द्र शर्मा, मनोज कुमार वर्मा, मोना शर्मा आदि पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** गोपाल राय चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शुक्रवार से हुआ है, जो 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस शिविर में भाग लेकर आप आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों में प्रशिक्षित हो सकते हैं और अपने जीवन को सुरक्षित और सशक्त बना सकते हैं। कार्यक्रम की जानकारी इस प्रकार है- तिथि 25 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक है, और समय शाम 5 बजे से 6 बजे तक होगा। यह शिविर श्री सर्वजनिक गौशाला, पुरानी स्टेशन रोड, अलवर में आयोजित किया जाएगा, और प्रशिक्षक एडवोकेट रचना गोयल होंगी, जो राष्ट्र सेविका समिति की अभिन्न हिस्सा हैं। आपको इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। संपर्क जानकारी के लिए, आप 8854929665 या 7838441684 पर फोन कर सकते हैं। डॉ. गोपाल राय चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है, और यह आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आइए, हम सब मिलकर इस अभियान में भाग लें और अपने समाज को सुरक्षित और सशक्त बनाने में योगदान करें।

# राजस्थान प्रदेश के पीपलोदी जैसी घटना की पुनरावृति न हो : रावत

## सभी विद्यालयों के भवनों की सरकार कराए जाँच, हादसे में शिकार बालकों के परिंजनों को ईश्वर सम्बल प्रदान करे

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने राजस्थान प्रदेश के झालावाड़ जिले के पीपलोद के राजकीय विद्यालय की छत गिर जाने से विद्यार्थियों की दर्दनाक मृत्यु होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। रावत ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि शोक संतप्त परिवार को सम्बल प्रदान करे तथा घायलों विद्यार्थियों को शीघ्र स्वस्थ करे। रावत ने राज्य सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से आग्रह किया है कि सभी विद्यालयों के भवनों का सुरक्षा प्रमाण पत्र मंगवाया जाए और क्षतिग्रस्त विद्यालयों के भवनों को डेमेज घोषित कर नए भवन बनवाने चाहिए।पूर्व मंत्री शकुंतला रावत कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन में भाग लेने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में ओबीसी समाज के सम्मान व अधिकार और भागीदारी सम्मेलन में गई हुई थी। जैसे ही रावत को इस घटना की जानकारी मिली उन्होंने पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# रोटरी क्लब अलवर ने मनाया तीज सिंजारा उत्सव

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब अलवर का तीज सिंजारा महोत्सव ऋतम्भरा रिजॉर्ट कटी घाटी में मनाया गया। तीज उत्सव का शुभारंभ रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3053 की प्रथम महिला गवर्नर निशा शेखावतए रोटरी क्लब अलवर की अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल, सचिव ऋषि मित्तल, अस्सिस्टेंट गवर्नर राजेश सिंघल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पवन खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष केके खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष नीरज जैन, पूर्व अध्यक्ष सुरेश गोयल, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद आर्य, पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार, पूर्व अध्यक्ष सुरेश गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र खुराना ने दीप प्रज्ज्वलन कर की गई ।



***श्नव कल्पना, नवरूप से रचना रची जब नारी की, सत्यम, शिवम सुंदरम् से शोभा बढ़ी संसार की***

इसी शाश्वत सत्य को साकार करते हुए रोटरी क्लब अलवर की प्रतिभाशाली टीम ने शृंगार रस से परिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुति की जो नारी सौंदर्य, प्रेम, उमंग और परंपरा का अनुपम संगम है। उत्सव संजोयक ममता खन्ना ने बताया कि यह प्रस्तुति ममता खन्ना, बबीता खंडेलवाल, बबीता अग्रवाल, संगीता हीरावत, साक्षी खंडेलवाल, सविताए सोनियाए नीतूए चित्राए कविता व निशा ने दी। क्लब सचिव ऋषि मित्तल ने बताया की सभी सदस्यों व परिवार जनों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया व सभी महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगवाई। उत्सव में पारंपरिक नृत्यए खेल व गीतों का सभी सदस्यों ने आनंद लिया। अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल ने ऐ यु बैंक का मेहंदीए सुनील गुप्ता ;जॉकीद्ध व खंडेलवाल नमकीन वालो का गिफ्ट्स के लिए आभार जताया। इस कार्यक्रम में आगामी अध्यक्ष नीलू जैनए रचना जैन, डॉ प्रवीण खंडेलवाल, प्रोफेसर चंद्रेयी आर्य, प्रोफेसर इंदिरा गुप्ता शिप्रा वर्मा, कंचन खुराना, रावुल जैन, सरोज गुप्ता, मान्या अरोड़ा, शोभा अग्रवालए अन्नू मित्तल, अर्चना सिंघल, वैशाली जसोरिया, सोनिया जैन, ऋतु गुप्ता,बी डी अग्रवाल, विकास गुप्ता, राजेश खंडेलवाल, ललित अग्रवाल, आशीष जैन, नरेन्द्र हीरावत, आलोक जैन, हेमेंद्र अग्रवाल, हरीश जसोरिया, आशीष खंडेलवाल, हेमंत सिंघल आदि उपस्थित थे।

# करंट की चपेट में आने से आईटीआई छात्र की हुई मौत : दीक्षांत समारोह से पूर्व हुआ हादसा, शव को लेकर किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( ( टी.आर सैनी ) ।** कस्बे के उनियारा रोड़ पर संचालित जय अम्बे आईटीआई प्रशिक्षण केन्द्र पर शुक्रवार को करीब 10 बजे एक छात्र अभिषेक सैनी (22) पुत्र भगवान सैनी निवासी रामसागर जिला टोक फर्राटा पंखा में आ रहा करंट की चपेट में आ गया। घायल को उपजिला चिकित्सालय में लेकर गये जहां छात्र को बून्दी रैफर कर दिया। परिजन छात्र को कोटा में एक नीजी चिकित्सालय मे लेकर गये जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। छात्र की मौत होने पर परिजन मृतक छात्र को लेकर नैनवां पहुॅचे जहां आक्रोसित समाज के लोगो ने जय अम्बे आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान उनियारा रोड़ पर शव को रख कर जाम लगा दिया। पीड़ित परिजनो का आरोप है,कि जय अम्बे आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान के स्टॉफ की लारवाही से छात्र की मौत हुई है। पीएम कौशल योजना के तहत आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रमाण पत्र लेने आया था छात्र- पीड़ित परिजनो ने बताया कि छात्र अभिषेक सैनी जय अम्बे आईटीआई संस्था में आयोजित पीएम



कौशल योजना के तहत दीक्षांत समारोह में प्रमाण पत्र देने के लिए बुलाया गया था। समारोह के लिए टेंट से फर्राटा पंखे मंगवाये गये थे। संस्था के स्टॉफ द्वारा छात्र से पंखे चालू करने के लिए कहा गया। पंखा चालू करते समय एकाएक करंट की चपेट में आ जाने से छात्र मौके पर मुर्च्छित हो गया। जिसको नैनवां चिकित्सालय में लेकर गये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सालय से रैफर कर दिया गया। परिजन घायल छात्र को लेकर नीजी चिकित्सालय में लेकर गये जहां इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई।

उन्होने पीड़ित परिजनो से वार्ता की गई लेकिन वार्ता पर कोई सहमती नहीं होने से शव लेकर धरना प्रदर्शन जारी रहा। दूसरी ओर सीआई कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा दीक्षांत समारोह में 200 छात्र छात्राओ को बुलाया गया था। जिसमें 150 विधार्थी दीक्षांत समारोह में भाग लेने पहुॅचे थे। दीक्षांत समारोह होने से पूर्व ही यह हादसा हो गया।

### शव को लेकर धरने पर बैठे लोग

**आईटीआई छात्र अभिषेक सैनी की मौत से आक्रोसित माली सैनी समाज के लोग शव को लेकर संस्था के सामने उनियारा रोड़ पर जाम लगा कर धरने पर बैठ गये। सांय करीब 5 बजे से जाम शुरू हो गया। जाम की सुचना पर डीएसपी राजूलाल मीणा,थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा मय जाप्ते के मौके पर पहुॅचे उन्होने पीड़ित परिजनो से वार्ता की गई लेकिन पीड़ित परिजनो ने प्रशासनिक अधिकारियो को मौके पर बुलाने एंव पीड़ित परिजनो को एक करोड़ का आर्थिक सहयोग दिलाने तथा एक पीड़ित परिजनो में एक को सरकारी नौकरी दिया जाने की मांग की गई। कुछ समय बाद एसडीएम प्रीति मीणा,तहसीलदार रामसहाय मीणा भी मौके पर पहुॅचे।**

## पीएचईडी-पीडब्लूडी की लापरवाही से बड़ा हादसा टला, सड़क पर जानलेवा वाल्व बने खतरा



### सड़क के बीचो-बीच ऊपर निकले वाल्व से, रात के समय एक वैगन आर का टायर फटा गंभीर हादसे मे बाल बाल बचे वाहन चालक

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी।** सुकेत रोड पर बिना पाइपलाइन शिफ्टिंग के की गई सड़क निर्माण का कार्य अब आमजन की जान पर बन आई है। बीच सड़क पर उभरे पीएचईडी विभाग के पीतल के वाल्व से गुरुवार रात एक कार का टायर फट गया। कार डगमगाई लेकिन समय रहते रुक गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

### सड़क पर गड्ढा, ऊपर से लोहे का वाल्व

वार्ड 29, ऋषभ कॉलोनी के बाहर बना यह गड्ढा और उस पर निकला वाल्व अब राहगीरों के लिए जानलेवा बन चुका है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बाइक सवार गिर चुके हैं, कई वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, लेकिन न तो पीडब्लूडी और न ही पीएचईडी ने अब तक सुध ली है।

### अधिकारी बना रहे बहाने

**पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता रामकेश मीणा ने जिम्मेदारी पीएचईडी पर डालते हुए कहा कि पहले पीएचईडी वाल्व को ठीक करेगा, उसके बाद सड़क समतल की जाएगी। वहीं पीएचईडी के अधिशासी अभियंता बच्चू सिंह मीणा का कहना है कि 6-7 दिन में वाल्व नीचे कर दिया जाएगा। सवाल ये है जब सड़क बन ही रही थी तब पाइपलाइन शिफ्ट क्यों नहीं की गई? अब जवाबों के खेल में आमजन की जान जोखिम में क्यों डाली जा रही है? कॉलोनीवासियों ने मांग की है कि तुरंत कार्रवाई हो वरना अगला हादसा और भी गंभीर हो सकता है।**

## भावी महिला इंजीनियरों ने संभाली जागरूकता की कमान, आमजन को बताए नयी पेयजल वितरण प्रणाली के फायदे

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** शहर के होली का खूँट तथा तेली पाड़ा कॉलोनी में शुक्रवार को आरयूआईडीपी चतुर्थ चरण के अंतर्गत विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभाग में इंटर्नशिप कर रही, इंजीनियरिंग की छात्राओं ने स्थानीय निवासियों के साथ संवाद स्थापित किया और उन्हें शहर में चल रही पेयजल वितरण प्रणाली परियोजना के महत्व को समझाया। जनसहभागिता इकाई (कैप) की ओर से सामाजिक विकास विशेषज्ञ श्रीकांत शर्मा तथा सचिन मुदगल ने स्थानीय लोगों को पेयजल परियोजना के तकनीकी पहलुओं और भविष्य में होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि परियोजना का सफल रख-रखाव केवल जनसहभागिता से ही संभव हैं। उन्होंने निवासियों से अपील की कि वे अपने घरों के नलो में टोंटी का प्रयोग करे जिससे पेयजल को व्यर्थ बहने से बचाया जा सकें।इसके साथ ही उन्होने महिलाओं से अपील करी कि सभी लोग पानी का वैध कनेक्शन ले एवं मीटर युक्त नल का लाभ लें। इंटर्नशिप कर रहीं इंजीनियरिंग छात्राओं ने स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं से खुलकर बात की और परियोजना से जुड़े उनके सवालों के जवाब दिए।

## अवैध रूप से रॉयल्टी वसूली के खिलाफ बिनोता ग्राम पंचायत वासियो का उपखंड अधिकारी निम्बाहेड़ा के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौपा



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** निंबाहेड़ा तहसील के बिनोता ग्राम पंचायत वासियो ने अवैध रूप से ली जा रही रॉयल्टी से परेशान होकर उपखंड कार्यालय निम्बाहेड़ा उपखंड अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार दिव्येश कांत निंबाहेड़ा को ज्ञापन दिय कि एक ही आइटम की अलग-अलग जगह अलग अलग रॉयल्टी क्यों खोडीप, मंडला चरण से खंडे व जुरी व गिट्टी के 200 इमारती पट्टी पत्थर के 500 जबकि बिनोता गांव वालों से रॉयल्टी ना केदार द्वारा खंडे जूरी गिट्टी के 700 ईमारती पत्थरों की 1700 सौ रूपये की अवैध वसूली करते है तथा पूछने पर बदतमीजी से बात करते हैं जब मल्लाचरण और खोडीप की रॉयल्टी कम है तो यहां की रॉयल्टी इतनी ज्यादा कैसे हैं जबकि एरिया नाका सब एक ही है ठेकेदार भी एक ही है आइटम भी एक ही है तो इतना भेदभाव क्यों कुछ बातचीत करने पर ठेकेदार के आदमी गाली गलौज पर उतर आते हैं हाथापाई करने लगते हैं ग्राम वासियों ने आरोप लगाया कि हमारे ट्रैक्टरों को जबरन बीच रास्ते में रुकवा देते हैं तथा जब तक रुपए नहीं देते तब तक यह छोड़ते भी नहीं है जबकि रॉयल्टी कटी होती है तो भी बीच रास्ते में गाड़ियां लगाकर आगे लगाकर दादागिरी करते हैं हम सभी ग्राम वासी इन रॉयल्टी ठेकेदार की दादागिरी से परेशान हो चुके हैं उनकी इन्हीं कार्य की वजह से कभी भी झगड़ा बढ़ने की संभावना रहती है यह लोग कभी भी किसी के साथ हाता पाई पर भी उतारू हो जाते हैं रॉयल्टी नाकेदार की अवैध वसूली अगर बंद नहीं हुई तो सभी ग्राम वासी मिलकर आंदोलन करेंगे बिनोता ग्राम वासियो का कहना है कि जो राशि सभी की रॉयल्टी की बनती है सबके लिए बनती है वही राशि ली जाए और बदतमीजी से बातें नहीं की जाए प्रदर्शन करने मे गाँव के आदि ग्राम वासी मौजूद थे।

## जनसमस्याओं को लेकर बूंदी कांग्रेस का सरकार को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिला कांग्रेस कमेटी ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर राज्य सरकार को एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (ऋन्न।ाॅ) में आ रही विसंगतियों, स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिल, बिजली-पानी की कमी, और सड़कों की बदहाली पर गहरी चिंता जताई गई है।ज्ञापन में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था बिगड़ गई है और बजरी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इसके अलावा, स्थानीय निकाय और पंचायती राज चुनावों को बार-बार टालने को संवैधानिक उल्लंघन बताया गया। कांग्रेस ने कहा कि आरजीएचएस योजना में निजी अस्पतालों को भुगतान न होने से लाखों सरकारी कर्मचारी और पेंशनभोगी परेशान हैं। वहीं, स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में 10 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ पड़ा है। जिले में सड़कों की खराब हालत और अस्पतालों में डॉक्टरों के रिक्त पदों पर भी चिंता व्यक्त की गई। साथ ही, पिछले वर्षों में फसल नुकसान के बावजूद किसानों को बीमा मुआवजा नहीं मिलने का मुद्दा भी उठाया गया। कांग्रेस ने प्रशासन से इन सभी जनसमस्याओं पर तत्काल कार्रवाई कर आमजन को राहत दिलाने की मांग की है। इस संदर्भ में सभी कांग्रेसी सर्किट हाउस से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे वहां पर जिला कलेक्टर को बाहर बुलाकर ज्ञापन लेने के लिए हिंडोली विधायक अशोक चांदना व डीवाईएसपी की जिद दो जहद के बाद अतिरिक्त पुलिस जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर ने बाहर आकर ज्ञापन लिया और अगले 15 दोनों में बारिश से हुई फसलों के नुकसान का सर्वे कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान काग्रेश जिला अध्यक्ष सी एल प्रेमी, पीसीसी सदस्य सत्ययेश शर्मा, समृद्ध शर्मा, शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी सहित कई काग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## झालावाड़ स्कूल हादसे में शिक्षा मंत्री का बड़ा एक्शन, प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षकों को किया सस्पेंड

बढ़ता राजस्थान



**कोटा/झालावाड़।** जिले के मनोहरथाना क्षेत्र में पीपलोदी गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की छत गिरने से कक्षा में मौजूद 32 विद्यार्थी मलबे में दब गए. इनमें से 7 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। 25 घायल बच्चों का इलाज अस्पताल में जारी है। इस बीच शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पिपलोदी स्कूल में कार्यरत सभी शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया है। मदन दिलावर के ओएसडी सतीश गुप्ता ने बताया कि मंत्री ने सभी शिक्षकों के निलंबन के आदेश जारी कर दिए हैं। सतीश गुप्ता ने बताया कि मनोहरथाना कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पीपलोदी में शुक्रवार को एक दुखद हादसा सामने आया. जिसमें स्कूल की छत गिरने से करीब 7 बच्चों की मौत हो गई. स्कूल की बिल्डिंग काफी पुरानी बताई जा रही है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्कूल के सभी शिक्षकों को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए हैं। जिसके बाद स्कूल में कार्यरत कार्यवाहक प्रधानाचार्य मीना गर्ग, प्रबोधक बद्री लाल लोधा, शिक्षक रामविलास लववंशी, कन्हैयालाल सुमन और जावेद अहमद को सस्पेंड किया गया है। वहीं मनोहरथाना ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार बंसल ने बताया कि स्कूल 1992 के पहले का है। वहीं 1994 में पंचायत द्वारा स्कूल में एक हॉल बनाया गया था. स्कूल में 71 बच्चों का नामंकन है. हॉल के अंदर करीब 31 बच्चे बैठे हुए थे. स्कूल में दो रूम, दो हाल और एक बरामदा है। इस मामले में दांगीपुरा थाना अधिकारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे के समय विद्यालय संचालित था। विद्यालय में लग रही एक कक्षा में 32 बच्चे मौजूद थे। छत के गिरने से सभी मलबे में दब गए। शिक्षक को भी चोट लगी है।

## सहजता, सरलता एवं समरसता की प्रतिमूर्ति एवं संत रत्न थे आचार्य आनंद ऋषि म.सा. : साध्वी कंचन कवर

### श्रमण संघीय द्वितीय पट्टधर आचार्य आनंद ऋषि की 126वीं जयंती पर कपासन में धर्मसभा

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** श्रमण संघीय द्वितीय पट्टधर आचार्य आंनद ऋषि म.सा. की 126वीं जयंती के उपलक्ष्य में श्रीवर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अंबेश सौभाग्य स्वाध्याय भवन मे आयोजित धर्मसभा में तपस्वी रत्ना कंचन कवर म.सा. ने आनंद ऋषि के जीवन पर विचार व्यक्त कर कहाकि वह श्रमण संघ के प्राण एवं सच्चे अर्थो मे संत रत्न थे।सहजता, सरलता व समरसता की प्रतिमूर्ति थे। उनका जीवन संघ समाज एवं मानवता के लिए सदैव समर्पित रहा तथा उन्होंने हमेशा समाज की एकजुटता के लिए कार्य किया। महाराष्ट्र, राजस्थान या देशभर के जिस क्षेत्र में चातुर्मास किये वहां जिनशासन की प्रभावना करने के साथ आमजन को धर्म का मर्म समझाने के साथ सत्य एवं अहिंसा से परिपूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। ऐसे महान संत का जीवन हमेशा हमारे लिए प्रेरणादायी रहेगा। धर्मसभा में डॉ. सुलोचन श्री म.सा. ने कहाकि पुत्र ऐसा हो जो धरती पर भार नही धरती का श्रृंगार बने। संघनायक व आचार्य आनंद गुरू जैसे महापुरूषों को उनके गुणों के कारण दुनिया से जाने के बाद भी याद करती है। डॉ. सुलक्षणा श्री ने कहाकि आचार्य के जीवन में कठोरता एवं कोमलता दोनों शामिल रहे। जहां कठोर होने की जरूरत होती वहां कठोरता बरतते ओर जहां कोमलता दिखाने की जरूरत होती वहां वैसा भाव प्रदर्शित करते थे।गुरू ही होता है जो अपने शिष्य को सुयोग्य बनाता है।ओर संसार सागर को पार करने का मार्ग दिखाता है। गुरू के बिना हमारा जीवन अधूरा ही रहेगा। उन्होंने श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिरोया ने बताया कि साधुमार्गी मेवाड़ संघ पुर्व अध्यक्ष अशोक चण्डालिया ने आचार्य के जीवन पर विचार व्यक्त किये तथा श्रावक-श्राविकाओं द्वारा उपवास, एकासन, आयम्बिल, उपवास आदि तप के प्रत्याख्यान लिये गये। इस मौके पर शंकरलाल लोढा, अनिल बाघमार, प्रकाश आंचलिया, रूपलाल डांगी, अशोक बापना, मदनलाल दुग्गड, मदनलाल चण्डालिया, सम्पतलाल हिगड़, रणजीत चण्डालिया, महिला मण्डल सदस्य एवं पूर्व नगर पालिका पार्षद सुनिता सांवला,चंद्रकिरण चण्डालिया, सपना सिरोया, कांता ढीलीवाल, अनिता बापना, चंदा सांवला आदि श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

## वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर आशाओं ने किया कलेक्ट्री पर प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** विभिन्न मांगों को लेकर आशा सहयोगिनियों ने शुक्रवार को सड़कों पर उतरकर रैली निकाली और प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। आशा सहयोगिनियों ने कलेक्ट्रेट के बाहर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और जल्द मांगों को नहीं माने जाने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी, आशा सहयोगिनियों का कहना है कि उन्हें मेडिकल से संबंधित कई तरह के काम करवाया जा रहा है। लेकिन अभी तक वेतन में बढ़ोतरी नहीं की, इतना ही नहीं 10 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी की घोषणा के बाद भी अभी तक क्रियान्वित नहीं हो सकी जिसके कारण



आशा सहयोगिनियों में आक्रोश व्याप्त हैं। जल्द मांगे नहीं माने जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। आंदोलन में आशा चंपा देवी और शकुंतला में साथी कार्यकर्ताओ को संबोधित किया।

## तपती धरती को पेड़ रूपी कूलिंग टावर की जरूरत : संदीप शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( विनोद गौड़ )।** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण निरंतर जारी रखते हुए शुक्रवार को शिवपुरा क्षेत्र में मंशापूर्ण महादेव मंदिर, हनुमान मंदिर और अनन्तपुरा क्षेत्र के शीतला माता मंदिर के आसपास वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम मे कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने भी पौधे लगाये। शर्मा ने कहा कि धरती को मानव जीवन के अनुकूल बनाने के लिए हम अपनी जीवनशैली और विकास में प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आव्हान करते हुए कहा कि कोटा को हरा भरा बनाने के लिए तैयार हो जायें, सबकी सहभागिता से वृक्षारोपण का यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। कार्यक्रम में पूर्व उपमहापौर योगेन्द्र खींची, मण्डल अध्यक्ष विनय आजाद, मण्डल अध्यक्ष पन्नालाल बंजारा, जतन कंवर, धर्मेन्द्र सिंह हाड़ा, वार्ड अध्यक्ष कौशल नागर, चेतन शर्मा, घनश्याम ओझा, भील समाज अध्यक्ष गिरिराज भील, रमेश राठौर, सियाराम नागर, महावीर जैन, महावीर रैबारी, विनोद



मराठा, संतोष पंकज, महेन्द्र मेघवाल आदि प्रमुख थे।

## विद्यालय को वाटर कूलर मय आरो भेट

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर उपखंड मुख्यालय के अरावली पर्वत श्रृंखलाओं में स्थित घाटरी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित शहीद विक्रम सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यालय परिवार के लिए चैतन्य इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा एक वाटर कूलर मय आरो के भेट किया है! इस अवसर पर कंपनी के रीजनल मैनेजर सी घी शर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि क्षेत्र में लगातार जल स्तर निचे जाने के साथ उसमें फ्लोराइड की मात्रा बढ़ती जा रही है जिससे अध्यनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है इसको ध्यान में रखते हुए यह निश्चय किया गया है कि छात्र-छात्राओ सहित विद्यालय परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके इसलिए वाटर कूलर मय आरो लगवाया जा रहा है।



इस अवसर पर कंपनी के रिजल्ट मैनेजर सी घी शर्मा, मैनेजर ललित शर्मा, ब्रांच मैनेजर सी पी शर्मा विद्यालय के संस्था प्रधान मोजराज मीणा, विद्यालय परिवार के राहुल शर्मा बाल स्वरूप पाण्डेय्, मुकेश मीणा, मानसिंह, स्मिता गुप्ता ,आरती पाण्डेय्, देवी सिंह ,पूजा शर्मा,,बदन सिंह, कृष्णा मीणा, लव कुश सैनी ,विजय सिंह सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद रहे। प्रधान अध्यापक सहित ग्राम वासियों ने कंपनी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर एनएसयूआई का मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। छात्र संघ चुनाव विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रतीक हैं और युवाओं को नेतृत्व कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। यह कहना है एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं का एनएसयूआई कार्यकर्ता छात्र संघ चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी कार्यालय भुसावर पर ज्ञापन देने पहुंचे। ज्ञापन में राजस्थान में छात्र संघ चुनाव शीघ्र करने की मांग करते हुए समय रहते ुनाव नहीं कराए जाने पर आंदोलन की बात कही गई है। फारुख खान के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन के समय सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष नवरंग मीणा एनएसयूआई के प्रदेश सचिव अमित कुमार पूर्व प्रदेश महासचिव मोहित पहाड़िया गजेंद्र वर्मा राजू कांग्रेस महासचिव सुजान सिंह राजेंद्र गुर्जर महतोली पुष्पेंद्र चौधरी राहुल सुरेंद्र कसौटिया उमाकांत रोहिताश तिवारी विष्णु रामलाल सहित कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## हरियाला राजस्थान के तहत विभिन्न संस्थाओं का वृक्षारोपण




बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** एक पेड़ मां के नाम हरियाला राजस्थान के तहत उपखंड मुख्यालय पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया भारत विकास परिषद की ओर से उपखंड अधिकारी कार्यालय में 51 पौधों का रोपण किया गया। उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के डॉ विजय पहाड़िया सहित उपखंड अधिकारी कार्यालय के निजी सहायक सौरभ मिश्रा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राम सिंह वरिष्ठ सहायक रितेश मीणा नितिन पांडे कंप्यूटर प्रोग्रामर राकेश सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष ने बूथों पर किया वृक्षारोपण-

भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष भुसावर धीरज पांडेय के नेतृत्व बूथ नंबर 168 169 170 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा चलाई जा रहे एक पेड़ मां के नाम एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधा लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाया एवं बूथ समिति के एवं मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं को आह्वान कर संकल्प लिया गया कि अपने अपने बूथों पर जाकर ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाने का काम करें बूथों पर बैठक कर केंद्र सरकार एवं राजस्थान सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाने का संकल्प लिया एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित कर जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष आशुतोष जागिड़ गौरव सैनी अमरेश पंडित ठाकुर सैनी एवं मण्डल के समस्त कार्यकर्ता एवम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गरीब को मिला पीएमजेजेबीवाई का लाभ

### एसबीआई बैंक ने कराये खाते में दो लाख जमा

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। सभी समाजों के गरीब एवं कम आय वर्ग के लोगों को जीवन बीमा कवरेज प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का शुभारंभ किया गया था इसके तहत भुसावर उपखंड क्षेत्र के बजाजपुर गांव निवासी महिला श्रीमती माया देवी को एसबीआई शाखा निठार द्वारा 2 लाख रूपये उसके बचत खाते में जमा किए गए हैं। बैंक शाखा मैनेजर बीबी गुप्ता द्वारा बताया गया कि श्रीमती माया देवी के पति दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके खाते में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत राशि जमा कराई गई है इस बीमा का उद्देश्य गरीब और कम आय वर्ग के लोगों को जीवन बीमा प्रदान करना है। बचत बैंक खाताधारक जिसकी आयु 18 से 50 वर्ष हो जिसका वार्षिक प्रीमियम 436 कुछ स्रोतों के अनुसार ?330 प्रीमियम की समय सीमा 1 जून से 31 में होती है प्रीमियम राशि बैंक खाते से स्वचालित रूप से कट जाती है।

क्लेम प्रक्रिया

नामांकित व्यक्ति को क्लेम फॉर्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, डिस्चार्ज रिसीप्ट और रद्द चेक जमा करना होता है! क्लेम की जांच के बाद बीमा कंपनी 30 दिनों के अंदर पैसा नामांकित व्यक्ति के खाते में जमा कर देती है

महत्वपूर्ण बिंदु

पहली बार पालिसी लेने के 45 दिन तक जीवन बीमा नहीं मिलता, लेकिन एक्सीडेंट में हुई मृत्यु पहले दिन से ही कवर होगी

पालिसी का नवीनीकरण वार्षिक प्रीमियम के भुगतान पर निर्भर करता है

यदि खाते में पर्याप्त पैसे नहीं हैं तो पालिसी कवरेज खत्म हो सकती है ।

# एसपी सांगवान ने किया शहर के कोतवाली और सदर थाने का निरीक्षण

### पुलिस अधिकारियो को दिए बेहतर पुलिसिंग के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। बुधवार को धौलपुर पुलिस अधीक्षक का पद भार ग्रहण करने के दूसरे दिन ही एसपी विकास सांगवान गुरुवार की शाम बाड़ी पहुचे। जहां उन्होंने बाड़ी सदर और बाड़ी कोतवाली थानों का विजिट किया। उन्होंने थाना अधिकारियों को निर्देश दिए की बेहतर पुलिसिंग के लिए हर ठोस कदम उठाये साथ में थाने पर आने वाले फरियादी को अपनी समस्या बताने में कोई परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने बाड़ी सीओ और एडिशनल एसपी को निर्देश दिए की ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करे जिससे थानों पर पेंडिंग चल रहे मामलों का जल्द निस्तारण हो।



एसपी विकास सांगवान ने बताया की पुलिस मुख्यालय से जो भी एडवाइजरी है उसकी पालना की जाएगी। जिले के भौगोलिक क्षेत्र और एमपी एवं यूपी से लगती सीमाओ पर विशेष निगरानी होगी। बजरी खनन एवं परिवहन के साथ अन्य समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा साथ में थानों पर जो भी मामले पेंडिंग चल रहे हैं उनको जल्द निस्तारित किया जाएगा। शहर और ग्रामीण क्षेत्र में गश्त व्यवस्था को दुरुस्त करने के प्रयास होंगे। पुलिस अधिकारियों को सलाह दी है कि वह सीएलजी सदस्यों और आमजन के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर पुलिसिंग पेश करे। इस दौरान उन्होंने थाने के मालखाने, हवाला, कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड रूम, एचएम कार्यालय और रसोईघर का निरीक्षण किया एवं थानों से जुड़े इलाकों को लेकर भी समीक्षा की। एसपी के इस विजिट के दौरान बाड़ी एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़,सीओ महेंद्र कुमार,सदर एसएचओ विनोद कुमार, बाड़ी कोतवाली सीआई हरवीर सिंह एव अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## खेल मैदान पर मेला लगाए जाने का विरोध,खेल संघ के साथ युवाओ ने सौंपा ज्ञापन

### खेल मैदान पर नहीं होने दी जाएगी खेल के अलावा अन्य गतिविधि,, प्रशासन से मांग,खेल मैदान पर पानी और अन्य व्यवस्थाओं को किया जाये दुरस्त

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर एक अगस्त से लगाये जाने वाले निजी मेले के आयोजन को लेकर बाड़ी खेल संघ,खिलाड़ियों और युवाओं में विरोध देखा जा रहा है। ऐसे में खेल संघ के पदाधिकारीयो के साथ शहर के दर्जनों युवा उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने महाराणा प्रताप खेल मैदान पर लगाए जाने वाले मेले का विरोध किया और उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौपा। बाड़ी खेल संघ के अध्यक्ष श्याम राय ने बताया की शहर में युवाओं,क्रिकेट खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों के लिए एकमात्र खेल मैदान के रूप में महाराणा प्रताप ग्राउंड है। जिस पर भी नगर पालिका द्वारा आए दिन कोई ना कोई कार्यक्रम किया जाता है। पिछले दो-तीन वर्षों से नगर पालिका द्वारा निजी लोगों को उक्त मैदान को किराए पर देकर मेले सहित अन्य कार्यक्रम कराए जा रहे है। इससे पूरा खेल मैदान खराब हो रहा है और खिलाड़ियों के खेलने के लिए दिक्कत आ रही है। वार्ड पार्षद एवं खेलप्रेमी आकाश यादव ने बताया अब आगामी 1 अगस्त से फिर से खेल मैदान पर मेला लगाने की तैयारी हो रही है। जिससे क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ शहर के युवाओं में आक्रोश है। इसी को लेकर यह ज्ञापन उपखंड प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन को दिया गया है।



खेल मैदान में नहीं सुविधाये

खेल संघ ने आरोप लगाया है कि खेल मैदान पर खिलाड़ियों के लिए कोई सुविधा नहीं है। मैदान में उगी घास को मेंटेन नहीं किया जाता है पेयजल के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं है। मैदान में जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं जिनको दुरुस्त नहीं कराया गया। मैदान के पीछे की दीवार टूटी पड़ी है और पूरी चारदीवारी गिरने के कगार पर है। जिससे कोई भी हादसा हो सकता है।

## रेलवे फाटक 36 और 38 पर ओवरब्रिज के लिए सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ की प्रभावी पहल

### रेल मंत्रालय ने दिए निरीक्षण के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। जिला मुख्यालय से गुजर रहीं ब्रॉडगेज के रेलवे फाटक संख्या 36 और 38 पर प्रस्तावित अंडरपास के स्थान पर ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ की प्रभावी पहल रंग लाई है। रेल मंत्रालय ने इस मामले में सकारात्मक रुख दिखाते हुए स्थल निरीक्षण के निर्देश जारी कर दिए हैं। यह मामला गत 28 जून 2025 को सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ के संज्ञान में लाया गया था। इसके अनुसार नाथद्वारा से देवगढ़ मदरिया आमन परिवर्तन योजना के तहत राजसमंद के राजस्व गांव एमड़ी और वीरभान जी का खेड़ा में स्थित रेलवे फाटक संख्या 36 और 38 पर रेलवे द्वारा अंडरपास बनाने की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने सांसद से मुलाकात की। उन्होंने इस पर गहरी चिंता व्यक्त की थी क्योंकि उक्त क्षेत्र का जल स्तर ऊंचा होने के कारण अंडरपास में जलभराव की अत्यधिक संभावना थी। इससे मार्ग पर यातायात में गंभीर व्यवधान उत्पन्न हो सकता था। इसी कारण अंडरपास के बजाय ओवरब्रिज के निर्माण की मांग की जा रही थी। इस गंभीर विषय को देखते हुए सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने 2 जुलाई 2025 को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को पत्र लिखकर इस प्रस्ताव को अंडरपास से ओवरब्रिज में परिवर्तित करने का आग्रह किया। सांसद की इस पहल का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। 15 जुलाई 2025 को सांसद को रेल मंत्री कार्यालय से एक पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि रेलवे अधिकारियों की एक टीम को स्थल का निरीक्षण कर ओवरब्रिज निर्माण की संभावनाओं का मूल्यांकन करने के निर्देश दिए गए हैं।



## अखिल मेवाड़ जाट महासभा की बैठक में सामाजिक सुधारों पर मंथन

### मृत्युभोज और डीजे पर रोक की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा संस्थान अध्यक्ष माधव चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में समाज में फैली विभिन्न बुराइयों पर गंभीर चर्चा की गई। इस दौरान मृत्युभोज के बढ़ते प्रचलन, वैवाहिक और अन्य शुभ आयोजनों में डीजे के अत्यधिक इस्तेमाल, युवाओं में बढ़ती नशे की लत और वैवाहिक संबंधों में अस्थिरता जैसे मुद्दों पर खास तौर पर बात हुई। महासभा ने इन सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए समाज सुधार की दिशा में आगे बढने् का संकल्प लिया। बैठक में तय किया गया कि इन मुद्दों पर काम करने के लिए मेवाड़ स्तर पर एक समिति बनाई जाएगी। यह समिति जिला और तहसील स्तर पर बैठकें आयोजित कर आम सहमति से सुधारों को लागू करने की दिशा में काम करेगी। इसका मकसद समाज के भीतर से ही इन बुराइयों के खिलाफ एक सशक्त अभियान चलाना है। इसके अलावा, सामाजिक संगठन के निष्क्रिय पदाधिकारियों को बदलकर सक्रिय और प्रभावी नए चेहरों को मौका देने का मुद्दा भी चर्चा में रहा, ताकि संगठन को और गतिशील बनाया जा सके। बैठक में अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा संस्थान अध्यक्ष माधव चौधरी, चित्तौडगढ़ जिलाध्यक्ष मिठूलाल जाट, भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष रामेश्वरलाल जाट, राजसमंद जिलाध्यक्ष शंकरलाल पियाल, संरक्षक जगदीशचंद्र रणवा, महामंत्री अरविंद चौधरी सहाड़ा, रतनलाल चौधरी, बोथमल जाट, देवीलाल शेजगारिया, बद्रीलाल जाट बामनिया, कालूराम जाट सूरजपुरा, गणेश लाल सहित कई समाजजन मौजूद थे। यह पहल जाट समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और उसे प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।




## कृषि कार्य करते समय कुएं में गिरने से व्यक्ति की हुई मौत

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर के मसूदा विधानसभा क्षेत्र में 25 जुलाई मसूदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नासुन निवासी मदन पुत्र बज्जा जाति रावत अपने खेत पर कार्य कर रहा था पानी पीने के लिए कुए पर गया कुएं में पानी ज्यादा होने से संतुलन बिगड़ने से मदन में गिर गया खेत पर अन्य लोग काम कर कार्य कर रहे थे उनके चिल्लाने से ग्रामीणों की मदद से मदन को काफी मकसद के बाद कुएं से बाहर निकाल सूचना मिलने पर पूर्व सरपंच गिरधारी गुर्जर व अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण पहुंचे मसूदा पुलिस को घटना की जानकारी दी मसूदा पुलिस में जाति के मसूदा उप जिला चिकित्सालय पहुंच कर मृतक मदन का शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रख्या जहां परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौप दिया । पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी।

## महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने गैर विभागीय कार्य करवाए जाने को लेकर दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़।** दिनांक 25 जुलाई 2025 को राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के वरिष्ठ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता मनोज कुमारी यादव, जिला उपाध्यक्ष अनिल गोदारा के नेतृत्व में सूरतगढ़ ब्लॉक में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को गैर विभागीय कार्य करवाए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया, सूरतगढ़ ब्लॉक की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा और उसके पश्चात नारेबाजी करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर दीनानाथ बब्बल को महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को गैर विभागीय कार्यों से मुक्त करने हेतु ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर सूरतगढ़ ब्लॉक की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती उमा देवी, पलविंदर कौर, सरोज, सुमन, राजवीर कौर,पूजा, कविता, माया देवी कमलेश कुमारी, राममूर्ति, शीला, मुक्ता, अमनप्रीत कौर, अनु रानी, सुनीता, सुरज्ञान सहित ग्रामीण क्षेत्र की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताएं उपस्थित रही।



## आबकारी निरोधक टीम ने 60 कार्टन अवैध शराब बरामद कर किया पांच आरोपितों गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ।** आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी निरोधक टीम जयपुर शहर व ग्रामीण की संयुक्त कार्यवाही में नकली होलोग्राम की 60 कार्टन अवैध शराब जब्त की गई एवं पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन जयपुर ने बताया कि जयपुर में नकली होलोग्राम की अवैध शराब जब्त की गई। आबकारी निरोधक दल द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र से स्कॉर्पियो वाहन से 30 कार्टन नकली होलोग्राम की देशी शराब बरामद की गई। इसी क्रम में जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में एक स्कूटी से 6 कार्टन देशी शराब 288 पव्वे बरामद किए। झोटवाड़ा क्षेत्र में 305 पव्वे आरएमएल शराब एवं दादी का फाटक जयपुर क्षेत्र से 26 पव्वे घूमर ब्रांड अवैध शराब बरामद की गई। उक्त कार्यवाही में मुकेश जांगिड़, अर्जुन सिंह, राकेश जाट, वरूण सिंह, राजू यादव को गिरफ्तार किया गया।आबकारी निरोधक दल की उक्त कार्यवाही से मिली सूचना के आधार पर चौमू में भी 2 अलग-अलग कार्यवाही में 23 कार्टन एवं 121 अवैध शराब के पव्वे बरामद किए गए। चौमू में एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही उपायुक्त आबकारी निरोधक दल जयपुर के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी देविका तोमर, सहायक आबकारी अधिकारी शिवकुमार सिंह, प्रदीप बिश्नोई, आबकारी निरीक्षक जयपुर जितेन्द्र सिंह शेखावत, आबकारी निरीक्षक चाकसू गगन यादव, प्रहराधिकारी नरेन्द्र सिंह द्वारा मय जाब्ता की गई।

# जलभराव और बिजली के जर्जर तारों की समस्या को लेकर नागरिको का विरोध

### समस्या समाधान के लिए उपखण्ड अधिकारी को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। उपखंड के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जल भराव एवं जल निकासी की समस्या के साथ बिजली के जर्जर तारों के लगातार टूटने से हादसे की आशंका को लेकर ग्रामीणों और शहरी क्षेत्र की लोगों द्वारा उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सोपा है। जिसमें समस्या के समाधान की मांग की है।

टोड पुरा गांव से आए ग्रामीण मोनू, सतवीर, उदयवीर, उदयभान,सत्येंद्र सिंह,रविंद्र,राकेश पहाड़िया और ग्राम पंचायत धन्नूपुरा की सरपंच रूबी कुमारी ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में आरोप लगाया है कि बाड़ी से सरमथुरा के लिए जो बड़ी रेल लाइन का काम चल रहा है। उसमें ठेकेदार द्वारा रेल लाइन के लिए मिट्टी का जो प्लेटफार्म बनाया जा रहा है। उसमें पुरानी लाइन पर गांव हल्लेपुरा और रनपुरा पर बनी छोटी,बड़ी पांच पुलियाओं को बंद कर दिया है। ऐसे में बारिश का पानी गांव के खेतों में जमा हो गया है। जिससे खेतों में उग रही फसल तो खराब हो ही रही है साथ में आम रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया है। जिसमे ठेकेदार शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। ऐसे में प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है।



बाई का बाग कॉलोनी में जलभराव,नागरिक परेशान

वही शहर के वार्ड नंबर 24 स्थित बाई का बाग कुशवाहा बस्ती निवासी लोगो ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में आरोप लगाया है कि पेयजल पाइप लाइन और सीवर लाइन के लिए तीन महीने पहले जो सड़क खोदी गई। उसको लाइन डालने के बाद दुरुस्त नहीं किया गया। ऐसे में सड़क में जगह-जगह गड्ढे हैं। वहीं अब बारिश का पानी सड़क पर भर गया है। जिससे रास्ता निकालना मुश्किल हो गया है। इसको कॉलोनी निवासी रोहित, अवधेश, पातीराम, सचिन, मनोज, रामप्रकाश, रामफूल एवं अन्य ने ज्ञापन दिया है। नागरिकों ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका उक्त मामले में कोई सुनवाई नहीं कर रही है। इससे मच्छर पनप रहे हैं और घरों में मच्छर जनित बीमारियां पैदा हो रही है।

तुलसीवन रोड की मियाजी कॉलोनी में बिजली के जर्जर तार,हादसे की आशंका

शहर के तुलसीवन रोड स्थित मियांजी कॉलोनी के नागरिक सुंदर, विजय,महेश,नंदन,सानू, रामबाबू,हनुमान,मनोज,नरेश, बाबूलाल आदि ने एसडीएम को ज्ञापन देखकर कॉलोनी में बिजली की जर्जर लाइन बदलने की मांग की है। आरोप है कि यह लाइन बार-बार टूटती है जिससे कोई भी हादसा हो सकता है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय विद्यालय कपासन में विद्यार्थियो हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा संचालित सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नपा अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा के निर्देशन में क्षैत्र के डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय कपासन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे विद्यार्थियो को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।विद्यार्थियो को हाथ धोने का सही तरीका तथा अपने हाथों को साफ बहते पानी से गीला करें एवं साबुन लगा 20 सेकंड तक अपने हाथों को रगकर धोए। इस दौरान विद्यालय संस्था कार्यवाहक कांता टेलर,एसबीएम एमआईएस इंजीनियर रिया गर्ग, एमएसआरजीवाई रोजगार सहायक सुनीता शर्मा, दीपा शर्मा,सरोज जांगिड़,शंकरलाल वर्मा सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# नगर पालिका कपासन क्षैत्र में निर्माणाधीन विकास कार्यों का जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर पालिका कपासन द्वारा नगर क्षेत्र में जारी विभिन्न विकास कार्यों का क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन पंकज सिरोया के साथ करीब 4 करोड़ की लागत से बन रहे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्यान,नगर पालिका परिसर में निर्माणाधीन पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार का निरीक्षण किया गया।इस मौके पर विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा उपस्थित संवेदको से सुंदर एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान पंचायत समिति भूपालसागर प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत,ग्राम सेवा सरकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,भाजपा युवा मोर्चा कपासन अध्यक्ष विकास बारेगामा,नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली, मंडल महामंत्री एवं नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय, पूर्व नपा अध्यक्ष गजेंद्र बागमार,मुंगाना सरपंच प्रतिनिधि कैलाशचंद्र अहीर,नपा पार्षद सुनीता शर्मा, महबूब शाह,महामंत्री सोहनलाल खटीक,नगर मंत्री राकेश आचार्य, महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सिरोया,बूथ अध्यक्ष हसमुख टेलर,भगवतीलाल आचार्य,मुकेश सिरोया,आशीष नंदवाना, मनीष बारगामा,गौरव दाधीच, शक्ति केंद्र संयोजक बबलू सोनी, मीनाक्षी व्यास,ऋतु शर्मा,सीता सुथार,विनोद कंवर, नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता खेमराज गुर्जर आदि का उपस्थित रहे।

# बागोर थाना पुलिस की कार्रवाई, 12.6 किलो डोडा प्रकरण में एक और गिरफ्तारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** पुलिस थाना बागोर ने अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चूरा की तस्करी में संलिप्त एक तस्कर हेमन्त चौहान को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा रोशन पटेल व वृत्ताधिकारी माण्डल मेधा गोयल के सुपरविजन में की गई। पूर्व में थाना पुर पर दर्ज प्रकरण संख्या 146/2025 में गिरफ्तार आरोपी नारायणलाल अहीर की सूचना पर गठित टीम ने हेमन्त चौहान पुत्र मिश्रीलाल चौहान निवासी फतेहपुर, तहसील मल्हारगढ़, थाना नारायणगढ़, जिला मंदसौर (म.प्र.) को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा। पूर्व प्रकरण में थानाधिकारी पुर पुष्पा कसौटिया व जाप्ता ने नारायणलाल के कब्जे से 12.600 किलोग्राम अफीम डोडा चूरा जब्त किया था। गठित पुलिस टीम में थानाधिकारी बागोर भंवरलाल, सहायक उप निरीक्षक गणपतसिंह, कांस्टेबल रवि कुमार, संजय कुमार व चालक सहदेव शामिल रहे।

# कोटा बियर्ड शो में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे शाहपुरा के डॉ. इशाक खान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** शाहपुरा नगर को एक बार फिर गौरव का अवसर मिलने जा रहा है। शहर के मि. बियर्ड मेन और पार्षद डॉ. इशाक खान कोटा में होने जा रहे प्रथम बियर्ड कॉम्पिटिशन में मुख्य निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। यह अनूठा आयोजन 2 अगस्त को कोटा शहर में ष्अतरंगी प्रोडक्शनष् के बैनर तले आयोजित होगा। डॉ. इशाक खान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर से दाढ़ी-मूंछ प्रेमी प्रतिभागी भाग लेंगे। यह शो न केवल सुंदरता और स्टाइल का मंच होगा बल्कि आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और परंपरा के संगम का भी प्रतीक बनेगा। प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इसमें दाढ़ी-मूंछ की कुल 10 कैटेगरी निर्धारित की गई हैं, जिनमें शामिल हैं। परफेक्ट बियर्ड मॉडल, फुल बियर्ड, लॉन्ग बियर्ड, फंकी बियर्ड, पार्सल बियर्ड, हैंडलबार मूंछ, लॉन्ग मूंछ, साल्ट एंड पेपर बियर्ड, बियर्ड विथ बॉडी, बियर्ड एंड स्टाइल इन कैटेगरी के तहत प्रतिभागियों को उनके लुक, ग्रूमिंग, आत्मविश्वास और प्रस्तुति के आधार पर परखा जाएगा। शो के विजेता प्रतिभागियों को अतरंगी प्रोडक्शन के आगामी प्रोजेक्ट में काम करने का मौका भी दिया जाएगा, जो उनके लिए एक सुनहरा अवसर होगा। शाहपुरा के इन तीनों रणबांकुरों डॉ. इशाक खान, दीपक पारीक और धीरज पारीक की भागीदारी से पूरे नगर में उत्साह का माहौल है।

# प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह के 84वें उर्स की तैयारियों को लेकर उपखण्ड अधिकारी कपासन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. के 84वें तीन दिवसीय उर्स के सुनियोजित एवं मेले में माकूल व्यवस्थाओ के प्रबंध हेतु शुक्रवार को क्षेत्रीय उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन किया गया। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी ने बताया कि 1 से 3 अगस्त 6 से 8 सफर तक तीन दिवसीय उर्स की व्यवस्थाओ को लेकर उपखण्ड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका की अध्यक्षता मे उपखण्ड कार्यालय मे शुक्रवार सांयकाल समस्त क्षेत्रीय विभागीय अधिकारियों एवं वक्फ कमेटी सदस्यो की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे उर्स अवधि दौरान नगर पालिका द्वारा दरगाह के आगे-पीछे आदि मुख्य स्थलों पर सीसी टीवी केमरे लगाने,प्रतिदिन दरगाह के बाहर पानी की व्यवस्था हेतु टेंकर व्यवस्था,दरगाह के आगे-पीछे सड़क पर गड्ढे भरना, रोड व नालियो की प्रतिदिन सफाई, रोड़ लाईट,हाईवे चौराहा से स्टेशन तक आवारा पशु विचरण ना करे,एसीजेएम निवास स्थान से हाईवे चौराहा तक दोनो ओर के ठेलो को हटाना एवं फायर बिग्रेड 24 घण्टे उपलब्ध कराना,अस्थाई नल कनेक्शन,विद्युत विभाग से उर्स मे बिजली व्यवस्था हेतु लाईन मेन जो वक्फ कमेटी के सम्पर्क मे रहे इत्यादि निर्णय लिये गये।यहां चिकित्या विभाग द्वारा एक चिकित्सक,नर्स मेल-फिमेल दरगाह परिसर के बाहर के कमरो मे लगावे एवं 24 घण्टे एम्बूलेन्स मयवाहन चालक,लोक निर्माण विभाग आरएसआडीसी द्वारा चित्तौडगढ़ से कपासन मार्ग पर सडक मरम्मत कराना,स्पीड ब्रेकर बनाना,संकेतक एवं बस स्टेण्ड से रेल्वे स्टेशन तक स्पीड ब्रेकर पर सफेद वार्निश,पुलिस विभाग द्वारा रेल्वे स्टेशन की तरफ बेरीकेटिंग कर बाईपास से वाहन गुजारने,हाईवे से कोर्ट तक वन वे वाहन गुजारने,भारी-हल्के वाहन की पार्किंग पृथक करना,रोड़वेज अतिरिक्त बसे लगाये। दरगाह कमेटी बुलन्द दरवाजा पर मेडल डिक्टेटर, सीसीटीवी केमरे,विडियो ग्राफी,50 स्वयं सेवक, बेरिकेटिंग,बिजली हेतु प्रयाप्त जनरेटर,



पुलिस चौकी, डिस्पेन्सरी हेतु नि:शुल्क व जहां-जहां पर बेरिकेटिंग बोर्ड,माइक व्यवस्था,बेनर,स्टीकर आदि उपलब्ध कराने संबंधी सुझावों के साथ विस्तृत चर्चा की गयी। इस बैठक मे पुलिस उपाधीक्षक कपासन हरजीलाल यादव,तहसीलदार कपासन नासीर बेग मिर्जा,नगर पालिका कपासन अधिशाषी अधिकारी ललीत सिंह देथा,विद्युत विभाग सहायक अभियंता कपासन मुनीश कांवत,चिकित्सा प्रभारी डॉ. नरोत्तम पाल सिंह, जलदाय विभाग सहायक अभियंता कपासन फूल सिंह मीणा,कनिष्ठ अभियंता हितेश मोर्या,सीडीपीओ उमा शर्मा,शिक्षा विभाग प्रतिनिधि आरपी महेन्द्र कुमार चाष्टा,दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी,नायब सदर मोहम्मद यासीन खां अशरफी, हाजी मुबारिक हुसैन शैख,खजांची अब्दुल वहीद अंसारी,सदस्य अशफाक तुर्किया,सैयद अख्तर अली, हाजी अर्ब्दुरहमान मंसूरी,नपा उपाध्यक्ष सैयद ऐजाज अली,हाजी जेनुद्दीन,हाजी शराफत हुसैन भाटी,पूर्व नपा अध्यक्ष जाकीर हुसैन अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# रेवेन्यू इंस्पेक्टर(गिरदावर) और सरकारी अध्यापक द्वारा कई दिनों से किया जा रहा तिरंगे का अपमान

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** नगर परिषद निंबाहेड़ा मे तहसील में रेवेन्यू इंस्पेक्टर रंजना जाटव और अध्यापक मनोज जाटव जो गुडा खेड़ा मे अध्यापक है निवासी वर्षा नगर स्थित कालोनी मे अपने निजी मकान में घर की छत पर तिरंगा लगा रखा है जो पिछले कई दिनों से फटा हुआ है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है यह महाशय घर की छत पर तिरंगा लगाकर भूल ही गए की तिरंगे की क्या हालत हो रही है तिरंगा जगह-जगह से रंग पूरी तरह से उड़ चुका है उसके बावजूद भी उसका निस्तारण नहीं किया गया पति-पत्नी दोनों सरकारी कर्मचारी होने के बावजूद भी इस तरह से तिरंगे का अपमान करना बहुत ही बड़ी शर्म की बात है। आपको बता दे की इस तिरंगे के कई दिनों के सेटेलाइट फोटो हमारे द्वारा खींचे गए जिसकी लिखित शिकायत भी उपकरण अधिकारी निंबाहेड़ा, जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ़, पुलिस अधीक्षक चित्तौड़गढ़ को लिखित में शिकायत भेजे जाने के बावजूद भी अभी तक रंजना जाटव पति मनोज जाटव के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई दोनों सरकारी कर्मचारी होने के बावजूद भी तिरंगे को सम्मान नहीं दे सके और जगह-जगह से तिरंगा फट गया जबकि झंडे को नुकसान पहुंचाना मौखिक रूप से अपमानित करना भी अपराध है जिसकी न्यूनतम सजा 3



साल क़ैद या जुर्माना या दोनों शामिल है । जब जिम्मेदार सरकारी कर्मचारी ही तिरंगे को सम्मान नहीं दे पा रहे हैं तो क्या अपने पद का ईमानदारी से निर्वहन कर पा रहे होंगे हैं इसकी उम्मीद भी नहीं लगाई जा सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रंजना जाटव पति मनोज जाटव निवासी मेनावास भरतपुर वर्तमान पता वर्षा नगर निंबाहेड़ा कुछ समय पहले छोटी सादड़ी तहसील जिला प्रतापगढ़ में अपने गलत कार्य करने की वजह से सस्पेंड भी रही, जमीन की किसी मामले में डेढ़ लाख की रिश्वत मांगी गई थी हरिपुरा गागरोल के निवासियों का कहना है कि रंजना मैडम अनाप शनाप रिश्वत के पैसे मांगती थी जिसकी वजह से हम सभी ग्रामवासी दुखी थे जिसकी हमने शिकायत भी करी थी, अब देखना यह होगा कि प्रशासन तिरंगे के अपमान करने के लिए सरकारी कर्मचारी रंजना जाटव और उनके पति मनोज जाटव के खिलाफ क्या कार्रवाई करता है?

# सरकार के संबल से मिला नया जीवन, 3 मासूमों की हुई सफल सर्जरी



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को भीलवाड़ा जिले से जयपुर के अभिषेक हॉस्पिटल में जन्मजात बीमारियों से पीड़ित तीन बच्चों का सफलतापूर्वक निशुल्क ऑपरेशन किया गया। यह चिकित्सा सहायता न केवल इन बच्चों के जीवन में एक नई आशा बनकर आई, बल्कि उनके परिवारों के लिए भी एक बड़ी राहत बनी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी के अनुसार भीलवाड़ा के मनराज देव, जो कटे हुए ओंठ की समस्या से जूझ रहे थे, उनका ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मनराज की मुस्कान अब केवल तस्वीरों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जीवनभर साथ चलेगी। इसी प्रकार, मेहुल का भी कटे-फटे होंठ और तालु का ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे उसकी सामान्य बोलने और खाने की क्षमता बहाल हो सकेगी। वहीं, माया नामक बालिका की अल्वेओलार बोन ग्राफ्टिंग की जटिल सर्जरी भी सफलता के साथ पूर्ण हुई। इस ऑपरेशन से माया के जबड़े की संरचना में सुधार हुआ, जिससे वह सामान्य जीवन जी सकेगी। इन सफल ऑपरेशनों के बाद बच्चों के परिजनों ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, राज्य सरकार, चिकित्सा विभाग का आभार जताया।

# भारत तिब्बत सहयोग मंच का चीन से कैलाश मानसरोवर मुक्ती अभियान

बढ़ता राजस्थान

**करवर ( राकेश नामा )।** भारत तिब्बत सहयोग मंच के द्वारा चीन से कैलाश मानसरोवर की मुक्ती हेतु श्रावण संकल्प अभियान के क्रम में शुक्रवार को चंदमारी बालाजी मंदिर परिसर में स्थित भगवान शिव परिवार की प्रतिमा के समक्ष संकल्प लिया गया। मंच के प्रांतीय महामंत्री अरविन्द सिसोदिया के नेतृत्व में संकल्प अभियान में रमेशचंद्र शर्मा,पुरुषोत्तम दाधीच,हुकूमत सिंह झाला, अनुज दत्त शर्मा, कुलदीप जेलिया,गौरव बारी, हरीश जुटला आदि सहित भक्तगणों ने संकल्प अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर भक्त गणों नें संकल्प लिया - मैं पवित्र श्रावण मास में भगवान शंकर का ध्यान करते हुए यह संकल्प लेता हूं कि भगवान शिव के निवास स्थान कैलाश मानसरोवर को चीन के आधिपत्य से मुक्त कराने हेतु यथाशक्ति प्रयास करूंगा अत: इस दिशा में किए जाने वाले सभी प्रयासों में हर संभव सहयोग करूंगा । भगवान शंकर मेरे इस संकल्प को पूर्ण करने की शक्ति प्रदान करें । हर हर महादेव! सिसोदिया नें बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इन्द्रेश कुमार जी के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पंकज गोयल के नेतृत्व और राष्ट्रीय महामंत्री राजेंद्र कामदार एवं चित्तौड़ प्रान्त अध्यक्ष अरविन्द कौशल की अगुवाई में मंच श्रावण मास संकल्प अभियान चला रहा है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेद औषधालय कपासन के नवीन भवन का शिलान्यास किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेद औषधालय कपासन के नवीन भवन का क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर के मुख्य अतिथि में गुरुवार को शिलान्यास किया गया। राजकीय आयुर्वेद औषधालय नर्सिंग ऑफिसर पवन सिंह रावल ने बताया कि नगर के पुराने चिकित्सालय में विधायक अर्जुनलाल जीनगर, नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी, उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग चित्तौड़गढ़ डॉ. तरूण कुमार की उपस्थिति संपन्न



हुआ।उक्त कार्यक्रम का संचालन ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में भूपालसागर प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत, भाजपा नगर कपासन मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा, नगर पालिका पार्षद अशोक विजय वर्गीय, वंदना दाधीच, नपा उपाध्यक्ष एजाज मोहम्मद, नपा पार्षद सुनीता शर्मा, अकील शाह, महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सिरोया, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, युवा मोर्चा के गौरव दाधीच, मनीष बारेगामा, राज विजयवर्गीय, पुनीत नंदवाना सहित पूर्व उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. मुरली मनोहर जोशी, डॉ. कोमल जोगी, चिकित्साधिकारी डॉ. मोहम्मद अदनान यूनानी आदि भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा पुराने चिकित्सालय के अनुपयोगी पड़े भवन का जीर्णोद्धार कराने हेतु नगर पालिका को प्रस्ताव भिजवाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।यहां पुराने चिकित्सालय के भवन में सिटी डिस्पेंसरी, जनता क्लिनिक, होम्योपैथी हॉस्पिटल संचालित है।

# विद्यालयों का शिक्षा अधिकारियों के द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

## मानसून को देखते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**करवर ( राकेश नामा )।** अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल गोयल के साथ संदर्भ व्यक्ति शांति लाल नागर ने पीईईओ क्षेत्र खजूरी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खजूरी, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खजुरा व माणी पीईईओ क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिशनपुरा, केशवपुरा, कुम्हारिया हीरापुर,कल्याणीखेडा, काशीपुरा, केशवपुरा व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माणी आदि विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया।तथा विद्यालयो में संचालित गरिमा पेटी के संदर्भ में प्रभारी से बातचीत की। इस औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में शैक्षिक मानकों को बनाए रखना और आवश्यक सुधारों की पहचान करना था। टीम ने कक्षाओं का अवलोकन किया, शिक्षकों और विद्यार्थियों से बातचीत की, और शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करने के लिए तत्काल प्रभाव से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और सुधार के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया



गया। इसके पश्चात उच्च माध्यमिक विद्यालय माणी में पंचायत के समस्त विद्यालयो के संस्था प्रधानों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल गोयल ने की। बैठक में पीईईओ निधि शर्मा, उपाचार्य शब्बीर अहमद तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के आरपी शांतिलाल नागर ने मानसून को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश प्रदान किया। क्षतिग्रस्त एवं जर्जर कक्षाकक्षो में विद्यार्थियों को नहीं बैठने के निर्देश प्रदान किया।

### इनका कहना



कई विधालय मे अतिक्रमण है,बाउंड्री नहीं,कई विद्यालय मे पूरे कमरे टपक रहें है,93 प्रतिशत विद्यालयों मे चपरासी नहीं है,विद्यालयों से हर साल ही बार बार सूचनाये तो मांगी जाती है लेकिन इनकी सुध कब लेंगे उच्च अधिकारी और सरकार जाने,शिक्षकों को अंदेशा रहता है कि कब कोई अनहोनी ना हो जाए इसलिए वह अपना पूरा प्रयास करते हैं लेकिन इन जर्जर और असुरक्षित भवनो मे जब कभी अनहोनी हो जाती है तो शिक्षकों को ही दोषी मान लिया जाता है जो कि गलत है,इंजीनियर से विद्यालयों की जांच करवाई जानी चाहिए और वह ही प्रमाणित करें कि विद्यालय सुरक्षित है या नहीं ताकि झालावाड के विद्यालय मे हुई घटना फिर नहीं हो।

**पंकज जैन**
**अध्यक्ष शिक्षक संघ राष्ट्रीय नैनवा**

दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060



"संघर्ष में कभी हार नहीं माननी चाहिए क्योंकि जीवन हमें हमेशा एक और मौका देता है।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# संविधान से समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्द हटाने पर क्या है केंद्र का रुख? सरकार ने सदन में दिया जवाब

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्द हटाने की माँगों के बीच केंद्र सरकार ने कोई योजना न होने की बात कही है। सर्वोच्च न्यायालय ने पहले ही स्पष्ट किया है कि पंथनिरपेक्ष संविधान के मूल ढांचे का अभिन्न हिस्सा है, वहीं समाजवादी शब्द कल्याणकारी राज्य को दर्शाता है।भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्दों को हटाने की उसकी कोई योजना नहीं है। आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में इन दो शब्दों को शामिल किए जाने की समीक्षा की हालिया माँगों पर ध्यान दिलाते हुए, केंद्र ने कहा कि सरकार द्वारा कोई औपचारिक निर्णय या प्रस्ताव की घोषणा नहीं की गई है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में बताया, सरकार का आधिकारिक रुख यह है कि संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्दों पर पुनर्विचार करने या उन्हें हटाने की कोई योजना या इरादा नहीं है।



मेघवाल ने आगे कहा कि प्रस्तावना में संशोधन के संबंध में किसी भी चर्चा के लिए गहन विचार-विमर्श और व्यापक सहमति की आवश्यकता होगी, लेकिन अभी तक, सरकार ने इन प्रावधानों को बदलने के लिए कोई औपचारिक प्रक्रिया शुरू नहीं की है। कुछ सामाजिक संगठनों द्वारा छेड़े गए विमर्श पर टिप्पणी करते हुए, मेघवाल ने कहा कि कुछ समूह अपनी राय व्यक्त कर रहे होंगे या विशिष्ट शब्दों के पुनर्मूल्यांकन की मांग कर रहे होंगे। उन्होंने कहा, ऐसी गतिविधियाँ मुद्दे पर सार्वजनिक विमर्श या माहौल बना सकती हैं, लेकिन यह ज़रूरी नहीं कि सरकार के आधिकारिक रुख या कार्यों को प्रतिबिंबित करे।

मेघवाल ने बताया कि नवंबर 2024 में, उच्चतम न्यायालय ने 1976 के संशोधन (42वां संविधान संशोधन) को चुनौती देने वाली याचिकाओं को यह उल्लेख करते हुए खारिज कर दिया था कि संविधान में संशोधन करने की संसद की शक्ति प्रस्तावना तक विस्तारित है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि भारतीय संदर्भ में 'समाजवादी' एक कल्याणकारी राज्य (शासन) को व्यक्त करता है और निजी क्षेत्र के विकास में बाधा नहीं डालता है वहीं 'पंथनिरपेक्ष' संविधान के मूल ढांचे का अभिन्न हिस्सा है।

आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने पिछले महीने प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्दों को बनाए रखने पर राष्ट्रीय बहस का आह्वान करके राजनीतिक हंगामा खड़ा कर दिया था। फिर उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने इस पर ज़ोर देते हुए कहा कि प्रस्तावना पवित्र है और बदली नहीं जा सकती। उन्होंने एक कदम आगे बढ़कर उन शब्दों को जोड़ने को सनातन की भावना का अपमान बताया। होसबोले की टिप्पणी पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं चाहिए; उन्हें मनुस्मृति चाहिए।

## संसद में 32 घंटे ऑपरेशन सिंदूर पर अहम चर्चा, सत्ता-विपक्ष के दिग्गजों की होगी गरमागरम बहस

बढ़ता राजस्थान

**लोकसभा (एजेंसी)।** लोकसभा और राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहुप्रतीक्षित चर्चा की तारीखें तय हो गई हैं, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित कई वरिष्ठ मंत्री हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी चर्चा में हस्तक्षेप करने की उम्मीद है। विपक्ष की मांग पर यह अहम बहस 28 और 29 जुलाई को होगी, जिसके लिए 32 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा होगी, जिसके बाद मंगलवार को राज्यसभा में भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि बहस के लिए कुल 32 घंटे, यानी प्रत्येक सदन में 16 घंटे, आवंटित किए गए हैं। रिजिजू ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति ने निर्णय लिया है कि सोमवार को लोकसभा में पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष कई मुद्दे उठाना चाहता है, लेकिन हम इस बात पर सहमत हुए हैं कि ऑपरेशन सिंदूर पर पहले चर्चा होगी।रिजिजू ने यह भी कहा कि सत्र शुरू होने से पहले, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने सरकार को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की माँग की थी। उन्होंने कहा, हमने उन्हें बता दिया है कि हम चर्चा के लिए तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने आगे कहा, विपक्ष ने पहले दिन से ही कार्यवाही में बाधा डालना शुरू कर दिया और सदन के अंदर और बाहर दोनों जगह विरोध प्रदर्शन किया। हम पहले हफ्ते में केवल एक विधेयक ही पारित कर पाए।



## 1000 साल पुराने 2 शिव मंदिरों पर थाईलैंड-कंबोडिया में जंग

बढ़ता राजस्थान

**बैंकॉक/नोम पेन्हा (एजेंसी)।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 1000 हजार साल पुराने दो शिव मंदिरों को लेकर शुरू हुआ संघर्ष दूसरे दिन भी जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आज दोनों देशों के बीच सीमा पर 12 जगहों पर झड़पें हुई हैं।थाई सरकार ने बताया कि 1 लाख से ज्यादा लोग घर छोड़ने के लिए मजबूर हो चुके हैं। अब तक थाईलैंड के 15 लोगों की मौत हुई है। इसमें 1 सैनिक और 14 आम लोग हैं। 46 लोग घायल हुए हैं।अभी तक कंबोडिया की तरफ से मृतकों या घायलों की कोई आधिकारिक संख्या नहीं बताई गई है। हालांकि, कई मीडिया रिपोर्ट्स में 1 शख्स के मारे जाने का दावा किया जा रहा है।थाईलैंड ने कंबोडिया की सीमा से लगे 8 जिलों में मार्शल लॉ घोषित कर दिया है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी ृस्नक्क ने दी है।इस विवाद को देखते हुए थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है।इसमें भारतीय नागरिकों से थाईलैंड और कंबोडिया सीमा के पास 7 राज्यों में जाने से बचने की अपील की गई है।इनमें उबोन रत्चथानी, सुरिन, सिसाकेत, बुरीराम, सा काओ, चंथाबुरी और ट्राट शामिल हैं।



## जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास लैंड माइन ब्लास्ट, सेना का 1 जवान शहीद और 2 घायल



बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हुए लैंड माइन विस्फोट में भारतीय सेना के अग्निवीर ललित कुमार शहीद हो गए, जबकि दो अन्य जवान घायल हुए हैं। यह घटना कृष्णा घाटी क्षेत्र में गश्त के दौरान हुई, जिसने एक बार फिर सीमा पर सैनिकों के सामने आने वाले खतरों को उजागर किया। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर शुक्रवार को बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना का एक जवान शहीद हो गया, जबकि दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, जब बारूदी सुरंग विस्फोट हुआ, तब जवान कृष्णा घाटी के सामान्य क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस घटना में 7 जाट रेजिमेंट के ललित कुमार नामक अग्निवीर जवान शहीद हो गए, जबकि एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) सहित दो अन्य घायल हो गए।अधिकारियों ने बताया कि घायलों को एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। व्हाइट नाइट कोर ने एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर पोस्ट किया।

## उदयपुर-फाइल्स पर रोक आगे बढ़ाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

### 28 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट को सुनवाई कर आगे फैसला करने के लिए कहा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** उदयपुर फाइल्स फिल्म की रिलीज पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 28 जुलाई (सोमवार) को दिल्ली हाईकोर्ट को सुनवाई कर आगे फैसला करने के लिए कहा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले को दिल्ली हाईकोर्ट को सौंपने के आदेश दिए। अब दिल्ली हाईकोर्ट सोमवार को इस केस पर सुनवाई करेगा। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि उसने मामले के गुण-दोष पर कुछ भी नहीं कहा है।जमीयत उलेमा हिंद अध्यक्ष की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने रिलीज का विरोध किया। फिल्म निर्माताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया ने अदालत के रोक बढ़ाने का विरोध करते हुए कहा कि केंद्र के रिवीजन आदेश के बाद रिलीज को और नहीं रोका जा सकता। अदालतों ने लगातार फिल्मों की रिलीज रोकने के खिलाफ रुख अपनाया है, कश्मीर फाइल्स जैसी कई फिल्म इसका उदाहरण है।दरअसल, उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित फिल्म उदयपुर फाइल्स पर पहले शुक्रवार तक रोक लगाई गई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म की रिलीज का विरोध करने वाले पक्षों से केंद्र के उस आदेश को चुनौती देने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट जाने के लिए पूछा था। जिसमें 6 संशोधनों के साथ फिल्म रिलीज को मंजूरी दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षकारों से कहा था- आप हाईकोर्ट का रुख क्यों नहीं करते हैं।



28 जून 2022 को कन्हैयालाल की मोहम्मद रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद ने निर्मम तरीके से गला काटकर हत्या कर दी थी। कन्हैयालाल की हत्या के मामले में एनआईए ने पाकिस्तान के कराची निवासी सलमान और अबू इब्राहिम को फरार बताते हुए मुख्य आरोपी गौस मोहम्मद और मोहम्मद रियाज अत्तारी सहित 11 आरोपियों मोहसिन, आसिफ, मोहम्मद मोहसिन, वसीम अली, फरहाद मोहम्मद शेख उर्फ बबला, मोहम्मद जावेद, मुस्लिम मोहम्मद के खिलाफ चालान पेश किया था।एनआईए की विशेष अदालत ने 9 फरवरी 2023 को हत्या,आतंकी गतिविधियों, आपराधिक षड्यंत्र सहित गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और आर्म्स एक्ट में प्रसंज्ञान लिया था।

## जयपुर के हॉस्पिटल में लोगों ने सिक्योरिटी गार्ड को पीटा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर के सैटेलाइट हॉस्पिटल में सिक्योरिटी गार्ड को पीटने का मामला सामने आया है। डॉक्टर को दिखाने में देरी होने पर गुस्सा करने पर सिक्योरिटी गार्ड ने बाहर भेजा था। इसके बाद हॉस्पिटल पहुंचे दर्जनभर लोगों ने सिक्योरिटी गार्ड के साथ जमकर मारपीट की। बनीपार्क थाने में ष्टष्ट्रञ्जङ्क फुटेज के आधार पर पीड़ित गार्ड ने मामला दर्ज करवाया है।एएसआई रामेश्वर शर्मा ने बताया- करधनी के गोविंद नगर निवासी धर्मवीर सिंह (50) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह बनीपार्क के मीरा मार्ग स्थित सैटेलाइट हॉस्पिटल में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत है। 24 जुलाई को उसकी हॉस्पिटल के मेन गेट पर नाइट ड्यूटी थी। रात करीब 11 बजे एक युवती को दिखाने परिजन आए थे।



देरी को लेकर गुस्सा हो गए परिजन

हॉस्पिटल में डॉक्टर को दिखाने में देरी को लेकर गुस्सा हो गए। डॉक्टर से चेकअप करवाने के बाद उन्होंने दवाई ले ली। जाते समय झगड़ा करने पर सिक्योरिटी गार्ड ने उसे हॉस्पिटल से बाहर भेज दिया।

दर्जनभर हमलावरों ने की मारपीट

पीड़ित का कहना है कि कुछ ही देर बाद दर्जनभर लड़के हॉस्पिटल पहुंच गए। मेन गेट पर ड्यूटी करने के दौरान वहां आए हमलावरों ने थप्पड़-घूंसे मारे। मारपीट कर हमला कर जमीन पर नीचे गिरा दिया। मुंह-नाक से खून निकलने के दौरान हॉस्पिटल कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर उसे छुड़वाया। गंभीर चोटिल होने पर सिक्योरिटी गार्ड धर्मवीर सिंह को हॉस्पिटल में एडमिट किया गया।मेडिकल सूचना पर बनीपार्क थाना पुलिस हॉस्पिटल पहुंची। पुलिस ने पीड़ित के पर्चा बयान के आधार पर स्नङ्कक्रदर्ज की। हॉस्पिटल में लगे ष्टष्ट्रञ्जङ्क फुटेज में हमलावरों के मारपीट करने की करतूत कैद मिली।

## सिंधी कैंप से नहीं चलेंगी अजमेर रूट की सभी बसें-500 से ज्यादा बसें हीरापुरा शिफ्ट होंगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर के अजमेर रोड और सिंधी कैंप बस स्टैंड पर ट्रैफिक लोड को कंट्रोल करने के लिए अजमेर जाने वाली 500 से ज्यादा बसें हीरापुरा शिफ्ट होंगी। ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड के फैसले के तहत परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रोडवेज और जेसीटीसीएल की ओर से हीरापुरा बस स्टैंड को एक अगस्त से शुरू किया जाएगा। अजमेर रूट की सभी रोडवेज और प्राइवेट बसों का संचालन अब इसी बस स्टैंड से होगा। वहीं, दिल्ली, सीकर, आगरा और टोंक रोड की ओर जाने वाली बसें पहले की तरह सिंधी कैंप से ही संचालित होती रहेंगी।हालांकि, बस ऑपरेटर्स और टैक्सी यूनियनों की ओर से इस शिफ्टिंग को लेकर विरोध जताया गया है। इस फैसले के तहत करीब 30-40 रोडवेज बसों और 400 से अधिक प्राइवेट बसों का संचालन शिफ्ट किया जाएगा।शुक्रवार सुबह 11 बजे झालाना स्थित आरटीओ प्रथम कार्यालय में इसे लेकर अहम बैठक बुलाई गई। इसमें रोडवेज, जेसीटीसीएल, ट्रैफिक पुलिस और निजी बस ऑपरेटर्स को बुलाया गया। मीटिंग में आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि सरकार के आदेश के अनुसार 1 अगस्त से अजमेर की ओर जाने वाली सभी बसों का संचालन हीरापुरा से होगा।



लेकिन इस फैसले पर प्राइवेट बस ऑपरेटरों और टैक्सी यूनियनों ने आपत्ति जताई। उनका कहना है कि हीरापुरा में न तो पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर है, न वेटिंग एरिया, न पार्किंग और न ही यात्रियों के लिए बैठने की सुविधा। अगर बेसिक सुविधाएं ही नहीं हैं तो बसें वहां कैसे चलेंगी?ऑल राजस्थान कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के महासचिव प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि 1 अगस्त से हम किसी भी कंडीशन में हीरापुरा से बसें नहीं चलाएंगे।

## ओबीसी राजनीति में नया बवाल- भाजपा बोली- कांग्रेस है एससी-एसटी-ओबीसी विरोधी, राहुल गांधी पर निशाना

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राहुल गांधी द्वारा ओबीसी वर्ग के लिए जाति जनगणना न करा पाने को अपनी गलती स्वीकार करने के बाद, बीजेपी ने उन पर हमला बोला। धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस पर एससी-एसटी-ओबीसी सशक्तिकरण के खिलाफ रहने और झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी दिवालिया हो चुकी है।ओबीसी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर भाजपा की ओर से पलटवार किया गया है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दिवालिया हो चुकी है। उनके नेता भी दिवालियापन के दौर से गुज़र रहे हैं। आज हमने सुना कि कांग्रेस पार्टी एक बार फिर झूठ का सहारा ले रही है।




उन्होंने कहा है कि मोदी सरकार ने ओबीसी के लिए कुछ नहीं किया। प्रधान ने कहा कि आज़ादी के बाद पहली बार पिछले 11 सालों से एक ओबीसी के नेतृत्व में भारत की सेवा हो रही है।

भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस इसी बात से परेशान है... पीढ़ी दर पीढ़ी, कांग्रेस पार्टी आरक्षण के ख़िलाफ़ रही है, ख़ासकर एससी-एसटी-ओबीसी के सशक्तिकरण के ख़िलाफ़... नेहरू जी के बाद अगर किसी ने सबसे लंबे समय तक देश की सेवा की है, तो वो हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो एक पिछड़े परिवार से आते हैं। राहुल गांधी की माँ को पार्टी अध्यक्ष बनाने के लिए सीताराम केसरी को शौचालय में बंद कर दिया गया था। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें अपमानजनक तरीके से बाहर का रास्ता दिखाया। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ने आज एक बार फिर झूठ बोला है... मैं उनसे कहता हूँ कि संसद में या बाहर खुलकर बताएँ कि उनके और प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में कितनी अनुपयुक्त श्रेणियों को सामान्य श्रेणी में बदला गया। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय संस्थानों में पद खाली पड़े हैं। रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया है। पोस्ट-फिलिंग अभियान जारी है। कांग्रेस पार्टी ओबीसी, एससी, एसटी विरोधी है। इससे पहले दिल्ली में कांग्रेस के भागीदारी न्याय सम्मेलन को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि मैं 2004 से राजनीति में हूं। जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मुझे लगता है कि मैंने गलती की। मैंने ओबीसी की उस तरह रक्षा नहीं की जैसी मुझे करनी चाहिए थी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मैं उस समय आपके मुद्दों को गहराई से नहीं समझ पाया। उन्होंने कहा कि मुझे अफसोस है कि अगर मुझे आपके (ओबीसी) इतिहास, आपके मुद्दों के बारे में थोड़ा भी पता होता, तो मैं उसी समय जाति जनगणना करा लेता। यह मुझसे हुई गलती है। यह कांग्रेस पार्टी की गलती नहीं है, यह मेरी गलती है। मैं उस गलती को सुधारने जा रहा हूं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार